▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 124
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, बुधवार 18 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

धोनी का IPL से संन्यास, CSK के मेंटर बने: मालिकों से वीडियो कॉल पर कहा- रिलीज कर दो



एजेंसी ››› नई दिल्ली

धोनी ने IPL से संन्यास ले लिया है। चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने मंगलवार को महेंद्र सिंह धोनी को टीम का मेंटर बनाया। धोनी 19 साल आईपीएल खेले। उन्होंने 278 मैच में 5,314 रन बनाए। उनकी कप्तानी में CSK ने 5 IPL और 2 चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। चेन्नई की मालिक रूपा गुरुनाथ ने बताया कि शनिवार को वीडियो कॉल पर 2027 सीजन के लिए चेन्नई से रिलीज होने वाले खिलाड़ियों पर चर्चा हो रही थी। तभी धोनी ने बहुत धीरे से कहा- शायद आपको इसमें मेरा नाम भी जोड़ देना चाहिए।

धोनी के बिना CSK की कल्पना नहीं

CSK के मालिक एन. श्रीनिवासन ने कहा, धोनी के बिना CSK की कल्पना नहीं की जा सकती। करीब 20 साल से हमारा साथ है। 2008 में मैंने ही उन्हें टीम में शामिल करने की बात कही थी। यह मेरा सबसे अच्छा फैसला था। धोनी हमेशा CSK की पहचान रहेंगे और यह टीम उनका घर रहेगी।

पिछले सीजन में एक भी मैच नहीं खेले

2026 में धोनी चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक भी मैच नहीं खेल सके थे। इससे पहले IPL 2025 में उन्होंने 14 मैचों में 196 रन बनाए थे। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 17 सीजन बिताए। 2016 और 2017 में टीम पर प्रतिबंध लगने के कारण वे राइजिंग पुणे सुपरजायंट के लिए खेले।

आईपीएल टाइटल

2010
2011
2018
2021
2023



221 आईपीएल मैच

जीत	हार
131	88

नो रिजल्ट 2

IPL2027; शमी राजस्थान से खेलेंगे, तीन खिलाड़ियों की हुई अदला-बदली

नई दिल्ली। IPL 2027 से पहले राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच तीन खिलाड़ियों का ट्रेड हुआ है। मोहम्मद शमी राजस्थान और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन लखनऊ की टीम में जाएंगे। वहीं, लखनऊ के लेफ्ट आर्म स्पिनर एम. सिद्धार्थ भी राजस्थान से जुड़ेंगे।

इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल गुजरात टाइटंस में शामिल होंगे। गुजरात ने इस ऑल-कैश ट्रेड के लिए 4 करोड़ रुपए देने पर सहमति जताई है। राजस्थान को पिछले सीजन प्लेऑफ में जगह बनाने के बावजूद पावरप्ले में गेंदबाजी की कमजोरी से जूझना पड़ा था। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में 10.14 रन प्रति ओवर दिए थे। ऐसे में मोहम्मद शमी को टीम में शामिल करना पावरप्ले की गेंदबाजी मजबूत करने की कोशिश मानी जा रही है।

ब्रीफ न्यूज

मप्र सरकार की अनोखी कैबिनेट की बैठक आज

भोपाल। मप्र कैबिनेट की बैठक बुधवार 18 नवंबर को मंदसौर जिले के गांधीसागर में होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गांधीसागर में होने जा रही कैबिनेट की बैठक अभी तक हुई सभी बैठकों से हटकर होगी। यह बैठक एक ऐसे स्थान पर की जा रही है, जिसे आगे जाकर नई पहचान मिलेगी। यहां भविष्य में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।



79 मिनट का सफर 36 हजार जुर्माना

नई दिल्ली। वंदे भारत एक्सप्रेस को आम ट्रेन की तरह ट्रीट करना कुछ लोगों को काफी महंगा पड़ा। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर, अपने परिजनों को वंदे भारत ट्रेन से छोड़ने के लिए पहुंचे 12 लोगों को 36000 रुपए का जुर्माना देना पड़ा। मामला बीते रविवार का कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन का उस समय का है स्टेशन गए थे।



» अंदर विशेष

▪ नहर में पानी आते ही दो जगह टूटे माइनर, सिंचाई व्यवस्था प्रभावित

...पढ़े पेज 2 पर

क्वाड देशों की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ, कहा- वे बेहद सख्त इंसान



बैठक के दौरान जापान की पीएम साने ताकाइची, पीएम मोदी, डोनाल्ड ट्रंप और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज

ट्रंप बोले-चारों देशों का सहयोग बढ़ा और उनकी दोस्ती पहले से अधिक 'गहरी' हुई



पीएम नरेंद्र मोदी

एजेंसी ››› मनीला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 'क्वाड' (क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग) है, जिसे हिंदी में 'चतुर्भुज सुरक्षा संवाद' कहते हैं, देशों की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें बेहद सख्त इंसान बताया।

- क्वाड बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मजबूत रिश्तों का किया जिक्र
- पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लिए क्वाड एक रचनात्मक और भरोसेमंद साझेदारी

क्वाड नेताओं की पिछली बैठक 21 सितंबर 2024 को अमेरिका के डेलावेयर में हुई थी

क्वाड नेताओं के संयुक्त बयान के प्रमुख बिंदु

- **सीमा पार आतंकवाद की निंदा:** क्वाड नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की।
- **एकतरफा कार्रवाई का विरोध:** चीन पर निशाना साधते हुए बल या दबाव के जरिए मौजूदा स्थिति बदलने की कोशिशों को अनुचित बताया।
- **आर्थिक दबाव पर चिंता:** मनमाने निर्यात प्रतिबंधों सहित आर्थिक दबाव बनाने के तरीकों पर गंभीर चिंता जताई।
- **समुद्री निगरानी में सहयोग:** 'इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम सर्विलांस कोलैबोरेशन' नई पहल का स्वागत किया। इसका उद्देश्य समुद्री सूचनाओं का आदान-प्रदान बढ़ाना है।

हिंद-प्रशांत के चार स्तंभ हैं ये देश

अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया को हिंद-प्रशांत क्षेत्र के चार महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि ये देश स्वतंत्र, खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक कूटनीति के मुद्दों पर चारों देशों के बीच बेहतर तालमेल है।

चारों देशों के विदेश मंत्री पांच बार मिल चुके

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में मनीला और क्वाड के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 में चारों देशों के अधिकारियों की पहली मुलाकात इसी शहर में हुई थी। इसके बाद 2017 में भी मनीला में क्वाड के तहत बातचीत दोबारा शुरू हुई थी।

मोदी ने उठाया जमीन पर रखा तिरंगा

ट्रंप बोले- इसे संभालकर रखिए



मनीला में क्वाड नेताओं की बैठक के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला। बैठक में शामिल होने के लिए जब क्वाड देशों के नेता पहुंचे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां जगह बताने के लिए जमीन पर रखा भारतीय तिरंगा उठा लिया।

बिरला ने जताई उम्मीद : नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया जाएगा

महिलाओं का प्रतिनिधित्व पंचायतों से लेकर संसद तक होना चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष

लोक सभा अध्यक्ष ने बेंगलुरु में प्रथम राष्ट्रमंडल महिला सांसदों के भारत क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन किया



एजेंसी ››› नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता पर बल दिया। बिरला ने कहा कि महिलाओं की केवल प्रभावी भागीदारी ही पर्याप्त नहीं, बल्कि नेतृत्व, नीति-निर्माण और कानून निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। वर्ष 2023 में अधिनियमित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का उल्लेख करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का प्रावधान क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगा, जिससे महिलाओं का नेतृत्व पंचायतों से लेकर संसद तक बढ़ेगा। बिरला ने बेंगलुरु में प्रथम राष्ट्रमंडल महिला सांसदों के भारत क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि कई राज्यों ने पहले ही पंचायतों और नगरपालिकाओं में 50% प्रावधान है।

अमेरिका के दो दिवसीय दौरे पर राहुल गांधी

न्यूयॉर्क और शिकागो के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षाविदों से करेंगे संवाद

कोलंबिया यूनिवर्सिटी और शिकागो यूनिवर्सिटी में होंगे विशेष कार्यक्रम, दोनों स्थानों पर सवाल-जवाब का खुला सत्र भी आयोजित होगा

एजेंसी ››› नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 17 और 18 नवंबर को अमेरिका के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह न्यूयॉर्क और शिकागो स्थित दो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में छात्रों, शिक्षकों और शिक्षाविदों के साथ संवाद करेंगे। उनके दौरे के पहले दिन 17 नवंबर को न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरे दिन 18 नवंबर को वह शिकागो यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों और अकादमिक जगत से जुड़े लोगों के साथ बातचीत करेंगे।

18 नवंबर को शिकागो यूनिवर्सिटी में दूसरा कार्यक्रम

अमेरिका दौरे के दूसरे दिन बुधवार, 18 नवंबर को राहुल गांधी शिकागो पहुंचेंगे। यहां शिकागो यूनिवर्सिटी के डेविड रुबेनस्टीन फोरम स्थित फ्रीडमैन हॉल में उनका संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। 1201 ईस्ट 60वीं स्ट्रीट स्थित इस परिसर में कार्यक्रम स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से दोपहर 1:20 बजे तक चलेगा। भारतीय समयानुसार यह कार्यक्रम 18 नवंबर की रात 11:30 बजे से 19 नवंबर की मध्यरात्रि 12:50 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में करीब 300 विद्यार्थियों और अन्य शिक्षाविदों के शामिल होने की उम्मीद है। यहां राहुल गांधी प्रोफेसर पेप के साथ संवाद करेंगे।

बिरामी टोल: परिवहन विभाग पर फिर उठे सवाल, ट्रक चालकों से कथित अवैध वसूली, 500 रुपए एंट्री फीस मांगने के आरोप

कैमरे में पैसे लेते हुए दृश्य कैद: बिरामी टोल पर आरटीओ टीम की कथित वसूली! कैमरा देखते ही मौके से निकली टीम

गणपत सिंह मांडोली ››› पाली

बिरामी टोल नाके के आसपास परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ट्रक चालकों ने आरटीओ टीम पर ट्रकों को रुकवाकर कथित अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ThinQ 360 के कैमरे में मौके पर पैसे लेते हुए दृश्य भी कैद हुए हैं। रात करीब 11 बजे जब ThinQ 360 की टीम मौके पर पहुंची तो बिरामी टोल क्षेत्र के पास आरटीओ की गाड़ी खड़ी दिखाई दी। आरोप है कि टीम ट्रकों को रुकवाकर उनसे पैसे वसूल रही थी। जैसे ही आरटीओ वाहन में मौजूद टीम की नजर कैमरे पर पड़ी, वाहन की लाइट बंद





कर दी गई। कुछ ही देर बाद गाड़ी वहां से निकलकर पाली की तरफ रवाना हो गई।

स्थानीय ट्रक चालकों का कहना है कि आरटीओ टीम की कथित वसूली से बचने के लिए कई चालक घंटों तक टोल पार नहीं करते। वे दोपहर से रात तक सड़क किनारे ट्रक खड़े रखकर टीम के वहां से जाने का इंतजार करते हैं। चालकों के आरोपों के मुताबिक, गुजरात बॉर्डर से आने वाले ट्रकों से लोड के नाम पर 500 रुपए तक मांगे जाते हैं। उनका दावा है कि ट्रक में 20 टन माल हो या 25 टन, कथित तौर पर 500 रुपए की मांग की जाती है।

अब जवाब कौन देगा?

यदि आरटीओ टीम की जांच और कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत हो रही है, तो ट्रक चालकों को घंटों सड़क किनारे इंतजार क्यों करना पड़ता है? क्या परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों को बिरामी टोल के आसपास चल रही इन कथित गतिविधियों की जानकारी है? सवाल यह भी है कि सड़क पर नियमों की पालना करवाने की जिम्मेदारी निभाई जा रही है या नियमों के नाम पर ट्रक चालकों से कथित वसूली हो रही है? मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि कैमरे में कैद दृश्य किस कार्रवाई से जुड़े हैं और ट्रक चालकों के आरोपों में कितनी सच्चाई है। अब देखना होगा कि परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं।

अधूरी जानकारी देने पर कई डिपार्टमेंट्स को फिर से नोटिस

आईएएस शिखर अग्रवाल मामले में विभागों ने एसीबी को भेजा रिकॉर्ड

जूम न्यूज ››› जयपुर

आईएएस शिखर अग्रवाल मामले में एसीबी के नोटिस पर संबंधित विभागों ने मंगलवार (17 नवंबर) को रिकॉर्ड मुख्यालय भिजवाया है। कई विभागों ने पूरा रिकॉर्ड नहीं दिया, कुछ ने अधूरी जानकारी भेजी है।



इसके चलते एसीबी ने उन विभागों को दोबारा नोटिस जारी किए हैं। रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए विभागों को तीन दिन का समय दिया गया है। IAS शिखर अग्रवाल मामले में प्रारंभिक जांच के चलते एसीबी ने 14 नवंबर को कई विभागों को रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने के लिए नोटिस जारी किए थे।

एसीबी मुख्यालय पहुंचे डॉक्यूमेंट की टीमें गहन जांच कर रही हैं। एक-एक रिकॉर्ड और डॉक्यूमेंट की बारिकी से पड़ताल की जा रही है। मामले में एसीबी ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को पत्र लिखकर कई अहम दस्तावेज मांगे थे । इनमें रिसॉर्ट से जुड़ी मंजूरियों, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और उनमें समय-समय पर किए गए बदलावों का रिकॉर्ड शामिल है।

एसीबी ने अप्रैल 2022 से फरवरी 2024 के बीच विभिन्न परियोजनाओं को जारी किए गए 'कंसेंट टू एस्टेब्लिश' और 'कंसेंट टू ऑपरेट' सहित अन्य NOC का पूरा रिकॉर्ड मांगा था। साथ ही यह भी बताने को कहा कि इन स्वीकृतियों को जारी करते समय निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का कितना पालन किया गया। एसीबी ने इस अवधि में स्वीकृतियों के लिए निर्धारित चेकलिस्ट में किए गए बदलावों का विवरण और उनके पीछे का औचित्य भी मांगा था।

चक्रवात अकवान कल आंध्र प्रदेश पहुंचेगा: 145/km की रफ्तार से हवा चलेंगी, भारी बारिश की चेतावनी; 3 हफ्ते में तीसरा तूफान

एजेंसी ››› नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात अकवान आज शाम तक गंभीर तूफान में बदल सकता है। इसके 19 नवंबर की रात आंध्र प्रदेश तट से टकराने के आसार हैं। IMD ने चेतावनी दी है कि इस दौरान 120 से 130kmph की रफ्तार से हवाएं चलेंगी जो 145kmph तक पहुंच सकती हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु में 21 नवंबर तक तेज बारिश का अलर्ट है। चक्रवाती तूफान अर्नब और मुरासु के बाद अकवान तीन सप्ताह में आंध्र प्रदेश को प्रभावित करने वाला तीसरा तूफान होगा। पिछले दो तूफानों से करीब 7 हजार करोड़ रुपए की फसल बर्बाद हुई है।

पहाड़ों पर बर्फबारी, बद्रीनाथ में पानी जमा

इधर, पहाड़ों पर बर्फबारी-बारिश के कारण सर्दी बढ़ी है। कई राज्यों में रात का पारा 10°C तक पहुंच गया है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी के बाद तापमान -11°C पहुंचा गया। इससे नदी का पानी जमने लगा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार समेत आठ राज्यों में मंगलवार सुबह कोहरा छाया है। चक्रवाती तूफान अकवान के असर से इन राज्यों में 20-21 नवंबर को बारिश होने की संभावना है।



कश्मीर के गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी हुई।

दिल्ली में AQI 333 तक पहुंचा

दिल्ली में मंगलवार को इस सीजन की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई। सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 11.6°C रहा, जो सामान्य से 0.7°C कम है। ठंड के साथ दिल्ली की हवा भी खराब बनी हुई है। मंगलवार सुबह 8 बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी AQI 238 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। सिरिफोर्ट में सबसे ज्यादा AQI 333 रहा।

ग्वालों ने भी सम्मान राशि के 29 लाख रुपए अकाल पीड़ित गोमाता के नाम किए

नंदगांव में गोपाष्टमी पर सीमांत क्षेत्र के लिए 800 गाड़ी सूखे चारे की घोषणा, 10 ट्यूबवेल से होगी पानी की व्यवस्था

केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अकाल प्रभावित गोवंश की सेवा पर मंथन, 10 ट्यूबवेल की जरूरत चिह्नित, दो का कार्य शुरू; गोसेवकों ने सम्मान राशि भी की समर्पित









जूम न्यूज ››› रेवदर

नंदगांव में गोपाष्टमी पर्व पर श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक गोऋषि स्वामी दत्त शरणानंद जी महाराज एवं पूज्य श्री छोटे सरकार महाराज खेड़ी घाट के सानिध्य में सुरभि पांडाल में आयोजित हुई। बैठक में सीमांत क्षेत्र में अकाल के हालात और निराश्रित गोवंश के सामने उत्पन्न चारे एवं पानी के संकट को लेकर विशेष रूप से मंथन किया गया। गोवंश को राहत पहुंचाने के लिए चारे की उपलब्धता और पेयजल की स्थायी व्यवस्था के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। वहीं, गोसेवकों के सम्मान और उनके द्वारा लाखों रुपयों की सम्मान राशि को पुनः गोवंश सेवा के लिए समर्पित करने का प्रेरक प्रसंग भी बैठक का विशेष आकर्षण रहा।

गोसेवकों ने सम्मान राशि भी गोमाता की सेवा में समर्पित की

गोपाष्टमी पर्व पर नंदगांव में 2135 गोसेवकों का सम्मान किया गया। सम्मान स्वरूप कुल 40 लाख 2 हजार 100 रुपए की राशि प्रदान की गई। इस सम्मान समारोह की सबसे प्रेरक बात यह रही कि सम्मानित गोसेवकों ने अकाल पीड़ित निराश्रित गोवंश की पीड़ा को प्राथमिकता देते हुए सम्मान राशि में से 29 लाख 65 हजार 800 रुपए स्वैच्छिक रूप से पुनः गोमाता की सेवा के लिए समर्पित कर दिए। गोसेवकों ने सम्मान में मिली राशि को अपने पास रखने के बजाय सीमांत क्षेत्र में संकट से जूझ रहे निराश्रित गोवंश की सेवा के लिए वापस दान कर दिया। यह प्रसंग गोसेवा के प्रति उनके समर्पण, संवेदनशीलता और त्याग की भावना का प्रेरक उदाहरण बना। इस तरह सम्मान समारोह के माध्यम से गोसेवकों को सम्मानित करने के साथ ही सीमांत क्षेत्र में गोवंश के लिए राहत कार्यों को आर्थिक संबल भी मिला।

800 गाड़ी सूखे चारे की घोषणा, गोभक्त भी आए आगे

चारे की व्यवस्था को लेकर गोभक्तों ने खुलकर सहयोग की घोषणा की। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने 500 ट्रक चारा देने की घोषणा की। न्यास के प्रथम अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने 200 गाड़ी सूखा चारा तथा वर्तमान अध्यक्ष राकेश जी बिंदल ने 100 गाड़ी सूखा चारा सीमांत क्षेत्र के अकाल पीड़ित निराश्रित गोवंश के लिए देने का संकल्प लिया। इसके अलावा अन्य गोभक्तों ने भी करीब 10 ट्रक चारा उपलब्ध करवाने की घोषणा की। अब तक सूखे चारे की 11 गाड़ी पहुंच चुकी है।

पानी के लिए दो ट्यूबवेल का कार्य शुरू

बैठक में बताया गया कि पथमेड़ा की ओर से सीमांत क्षेत्र में भेजी गई टीम ने जमीनी स्तर पर सर्वे कर गोवंश की स्थिति और आवश्यकताओं का आकलन किया है। सर्वे में करीब 10 ट्यूबवेल की आवश्यकता सामने आई है, ताकि अकाल प्रभावित इलाकों में निराश्रित गोवंश के लिए पानी की स्थायी व्यवस्था की जा सके। इनमें से दो ट्यूबवेल का कार्य शुरू हो चुका है, जबकि शेष के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी संरक्षक राधाकिशन जी महाराज ने कहा कि शास्त्रों में ब्रज की परिकल्पना गोष्ठों से की गई है। जहां गायों के बड़े-बड़े गोष्ठ होते हैं, वही ब्रज की परिकल्पना को साकार करते हैं।

महाराष्ट्र में बनेगा 10 हजार गोवंश क्षमता वाला श्री पांडुरंग पथमेड़ा गोकुलम गोशाला जलगांव

महाराष्ट्र में पथमेड़ा का अब तक का सबसे बड़ा गोसेवा प्रकल्प शुरू आज गोपाष्टमी के पावन पर्व पर मंगलमय शुभारंभ हुआ। श्री पांडुरंग पथमेड़ा गोकुलम गोशाला जलगांव नाम से स्थापित होने वाले इस प्रकल्प में 10 हजार से अधिक गोवंश की सेवा की जाएगी। बैठक में श्रीपतिधाम के संस्थापक गोविंद बल्लभ दास जी महाराज, कार्यकारी अध्यक्ष रघुनाथ सिंह शिवतलाव, देवाराम जागरवाल कैलाशनगर, ब्रह्मदत्त नानारवाडा, भागचंद जांगिड़, रणछोड़ पुरोहित रेवदर, यशपाल गुप्ता दिल्ली, अंबालाल सुथार, सांवलाराम, डूंगराराम बिछावाड़ी, केवलाराम पालड़ी, शिवनाथ सिंह, उदाराम वैष्णव सांचौर, पूर्व तहसीलदार बद्रीदान सहित कई गोभक्त मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

प्रथम अपील के आदेश के बावजूद नहीं मिला पीएम श्री स्कूल के बजट-खर्च का हिसाब, शिक्षा मंत्री से जांच की मांग



जूम न्यूज ››› सरदारशहर

सरकारी स्कूल में संचालित पीएम श्री योजना और व्यावसायिक शिक्षा के बजट एवं खर्च का रिकॉर्ड सूचना के अधिकार के तहत मांगने के पांच महीने से अधिक समय बाद भी आवेदक को प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। सरदारशहर के पीएम श्री गिरधारीलाल शिवनारायण टांटिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय से जुड़े इस मामले में प्रथम अपील का आदेश जारी होने के बावजूद सूचना नहीं मिलने पर आवेदक सुनील कुमार सोनी ने अब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को शिकायत भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

जयपुर में सुभाष चौक इलाके में फिर हुई चाकूबाजी: पुरानी रंजिश के चलते 5-6 बदमाशों ने युवक पर किया अटैक

जूम न्यूज ››› जयपुर

जयपुर के सुभाष चौक थाना इलाके में चार दिन के भीतर चाकूबाजी की दूसरी घटना सामने आने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सोमवार रात करीब 9:30 बजे चारदरवाजे से सुभाष चौक आने वाले रास्ते पर वार्ड 114 के पार्षद मोहम्मद जाकरिया के कार्यालय के पास पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने एक युवक पर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। इसके बाद भांकरोटा निवासी सरफराज पर चाकू से तीन वार किए। हमले में गंभीर घायल सरफराज को एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पार्षद मोहम्मद जाकरिया और घायल के परिजन भी हॉस्पिटल पहुंचे। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उनका आरोप है कि भट्टा बस्ती निवासी रहीस और उसके साथियों ने पुरानी रंजिश के चलते सरफराज पर जानलेवा हमला किया। आरोपियों की मंशा उसकी हत्या करने की थी। घटना के चश्मदीद फैजान कुरेशी ने बताया कि सरफराज उसका दोस्त और भाई जैसा है। वह अपने मामा के घर के पास उससे मिलने आया था।

नहर में पानी आते ही दो जगह टूटे माइनर, सिंचाई व्यवस्था प्रभावित; किसानों को करना होगा इंतजार

जूम न्यूज ››› बीकानेर

इंदिरा गांधी नहर प्रणाली में सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति शुरू होते ही बज्जू क्षेत्र में दो स्थानों पर माइनर क्षतिग्रस्त हो गए। चारणवाला क्षेत्र में पीएसएसएम माइनर करीब 50 फीट तक टूट गया, जबकि गोगड़ियावाला में लिंक माइनर में लगभग 150 फीट तक कटाव और क्षति हुई है। इससे संबंधित क्षेत्रों में सिंचाई जलापूर्ति प्रभावित हो गई है और किसानों की चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार, दोनों माइनरों में साढ़े आठ दिन तक सिंचाई का पानी चलना निर्धारित था, लेकिन पानी छोड़े जाने के साथ ही माइनर टूटने से सिंचाई कार्यक्रम प्रभावित हो गया। अब किसानों को क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत और जलापूर्ति दोबारा शुरू होने तक इंतजार करना पड़ेगा। निर्धारित समय पर पानी नहीं मिलने से किसानों की फसलों की सिंचाई पर असर पड़ने की आशंका है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों सिंचाई विभाग की ओर से माइनरों में सफाई अभियान चलाया गया था। इसके बावजूद पानी की आपूर्ति शुरू होते ही माइनरों के क्षतिग्रस्त होने से सफाई कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि सफाई के नाम पर ठेकेदारों ने खानापूर्ति की और माइनरों से मिट्टी व कचरा पूरी तरह नहीं हटाया गया। अब सिंचाई विभाग के सामने दोनों माइनरों की जल्द मरम्मत करवाकर जलापूर्ति बहाल करने की चुनौती है। किसानों ने सफाई कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाने और माइनरों के क्षतिग्रस्त होने के कारणों का पता लगाकर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है, ताकि निर्धारित सिंचाई पानी का नुकसान न हो और किसानों को समय पर पानी मिल सके।



दीया कुमारी बोलीं- राहुल-गांधी मुंह खोलते हैं तो उल्टा-सीधा बोलते हैं

जूम न्यूज ››› जयपुर

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा- राहुल गांधी जब भी मुंह खोलते हैं तो उल्टा-सीधा ही बोलते हैं। उन्होंने राहुल गांधी के फोन टैपिंग के आरोपों पर कहा कि वह बेबुनियाद बातें करते हैं, जिनका कोई मतलब नहीं होता है। दीया कुमारी ने कहा- अगर राहुल गांधी को फोन टैपिंग को लेकर कोई आशंका है तो उन्हें इसकी जांच करवानी चाहिए। बिना किसी ठोस आधार के हवा में बातें नहीं करनी चाहिए। दीया कुमारी ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। देश की जनता भी सरकार के कामकाज और विकास के प्रयासों को देख रही है।

दीया कुमारी बेंगलुरु स्थित प्रशांति कुटीरम में स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में शिरकत करने मंगलवार को पहुंची थी। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह बातें कहीं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा- योग का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। योग वह साधना है, जहां परम शक्ति और शांति का संगम होता है। आज आधुनिक विज्ञान में भी योग ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है।

20 नवंबर को होगी पंचायत चुनाव की मतगणना, जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने तैयारियों का लिया जायजा

जूम न्यूज ››› चूरू

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन की मतगणना 20 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय में होगी। मतगणना की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है। इसलिए इससे जुड़ी सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, टेबलवार व्यवस्था, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और अभिलेखों के संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

उन्होंने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर नियंत्रण, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, पेयजल, बिजली और प्रकाश सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि मतगणना दिवस पर किसी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि मतगणना के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार सुरक्षा प्रबंध करने और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही मतगणना स्थल पर प्रवेश देने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने अब तक की गई तैयारियों और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। निरीक्षण एवं बैठक के दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी सुनील कुमार, एसीईओ भागचंद खारिया, सीओ गजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



50 लाख का पैकेज छोड़कर साध्वी बन रहीं, बोलीं-दुनिया बदलते देखी: युवाओं के लिए एक ही मैसेज- खाना बनाते समय चूल्हा साफ जरूर करें









ज़ूम न्यूज ››› जोधपुर

फॉक्सवैगन कंपनी की ग्लोबल ऑपरेशन मैनेजर अक्षिता बजाज (36) दीक्षा लेगी। वे अपनी मां शिरोमणी (61) के साथ चेन्नई में 25 नवंबर को दीक्षा लेने जा रही है। मंगलवार को जोधपुर में उनका वरघोड़ा निकाला गया। इस दौरान अक्षिता बजाज ने बताया- मुझे ये फैसला लेने में करीब 4 साल का समय लगा। दिसंबर 2024 के बाद मैंने जैन संतों और साध्वियों के साथ विहार किया और उनके बारे में जाना। अक्षिता ने कहा- एआई हमारी सोच को खत्म कर रहा है। इसलिए जब एआई आया तो मैंने सोच लिया था कि मुझे एआई की तरफ नहीं बढ़ना है। जैन धर्म हमें सोचने को मजबूर करता है। कहा- न संसार सुखी है, न सुशील है।

12 साल में दुनिया बदलते देखी है। जिस परिस्थिति में हम खड़े हैं, हमें पता है कितने जीवों की हत्या हुई है। दीक्षा और संयम ऐसा रास्ता है, जहां सूक्ष्म जीवों की भी रक्षा होती है। जॉब करते-करते पता चला कि कहां चीजें गलत हो रही हैं। कैसे ठीक हो सकती हैं। इस रास्ते में कष्ट है। लेकिन, इस सांसारिक जीवन का सुख और संयम पथ से तुलना नहीं कर सकते हैं। अक्षिता बजाज ने कहा- अगला उद्देश्य जेन जी और मिलेनियल को जीव दया का संदेश देना है। मैंने साइकॉलोजी पढ़ी है। मेरा उद्देश्य रहेगा कि जैन धर्म और साइकॉलोजी साथ-साथ चलती रहे। जैन धर्म कहता है आप और आपके कर्म हैं। साइकॉलोजी भी ये ही कहती है कि आपको ही आपका काम करना है। आप उसे सिचुएशन पर नहीं डाल सकते हैं। उन्होंने कहा- जेन जी मिलेनियल को ये ही कहना चाहती हूं कि जीव दया को हम केवल पशु-पक्षी के हिसाब से देखते हैं। लेकिन जीव दया वहां भी आती है,जब आप खाना बनाते हैं और कपड़े धोते हैं। जब भी आप चूल्हा जलाएं, उसे कपड़े से साफ करें। ताकि उसमें लगा हुआ जीव निकल जाए। ये छोटा सा स्टेप है, जिसे करना है।

10 महीने तक जैन साधु और साध्वियों की दिनचर्या को देखा

उन्होंने कहा- मां से ही धर्म आता है और यहीं से खत्म होता है। मेरी मां ने ही मुझे धर्म सिखाया है। मुझे ये निर्णय लेने में चार साल का समय लगा। लेकिन 2024 दिसंबर के बाद से मैंने साधु और साध्वियों की दिनचर्या को देखा और समझा। 10 महीने तक मैंने विहार भी किया। बता दें कि अक्षिता ने साध्वी बनने के लिए मल्टीनेशनल कंपनी फॉक्सवैगन की 50 लाख सालाना पैकेज की जॉब छोड़ दी। वे कंपनी में ग्लोबल ऑपरेशन मैनेजर की पोस्ट पर थी। वहीं, मां शिरोमणी ने 37 साल इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) में नौकरी की और चीफ मैनेजर से रिटायर हुईं। दोनों पंजाबी हिंदू हैं और अब जैन साध्वी बनेंगी। अक्षिता ने एमटेक के बाद आईआईएम बेंगलुरु से एमबीए की पढ़ाई की। करीब 12 साल कई मल्टीनेशल कंपनियों में नौकरी की। अक्षिता की मां शिरोमणी ने बताया- परिवार पहले से जानता था कि उनका झुकाव आध्यात्मिकता की ओर है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) में 37 साल तक जॉब की और साल 2025 में चीफ मैनेजर से रिटायर हुई। नौकरी और सांसारिक जिम्मेदारियों के बाद उन्होंने वैराग्य का मार्ग चुनने का निर्णय लिया है।

ब्रीफ न्यूज

नागाणा में फॉल्ट ठीक करते समय करंट से बिजलीकर्मी की मौत



ज़ूम न्यूज ››› बाड़मेर

बाड़मेर जिले के नागाणा थाना क्षेत्र में सोमवार रात जोगेश्वर कुआ GSS पर काम करते समय संविदाकर्मी मूलाराम प्रजापत की करंट लगने से मौत हो गई। वह बिजली सप्लाई बंद करवाकर पोल पर लाइट फॉल्ट ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक सप्लाई दोबारा शुरू हो गई और उसे करंट लग गया। झटका लगने से वह खंभे से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे बाड़मेर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन और समाज के लोग मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए थे। नागाणा थानाधिकारी दिनेश मेघवाल के अनुसार, छीतर का पार निवासी मूलाराम (30) पुत्र राणाराम प्रजापत पिछले 4 साल से डिस्कॉम में संविदा पर काम कर रहा था। सोमवार को जोगेश्वर कुआ GSS पर बिजली सप्लाई में फॉल्ट हो गया था। मूलाराम सप्लाई बंद करवाकर खंभे पर चढ़कर फॉल्ट ठीक कर रहा था। इसी दौरान बिजली सप्लाई दोबारा शुरू हो गई और उसे करंट लग गया। इससे वह बुरी तरह झुलस गया और झटका लगने से वह करीब 20 फीट ऊंचे बिजली के खंभे से नीचे गिर गया। घटना सोमवार रात करीब 8 बजे की है। आसपास मौजूद लोग उसे गंभीर हालत में बाड़मेर हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



कामुण्डा की ढाणी में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, युवक घायल

ज़ूम न्यूज ››› मूंडवा

कस्बे के निकट कामुण्डा की ढाणी में सोमवार शाम करीब 5:30 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में पालड़ी जोधा निवासी रामजीत (25) पुत्र विष्णु गंभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार तीन मजदूर भड़ाना में मजदूरी कर मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। कामुण्डा की ढाणी के मोड़ पर सामने से आ रही हरीश राइका की मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में तीनों मजदूर सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल को मूंडवा सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद नागौर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



जोजरी, लूणी और बांडी में अवैध खनन पर शिकंजा: SIT प्रमुख बोले- सरकारी कर्मियों की मिलीभगत मिली तो गिरेगी गाज

ज़ूम न्यूज ››› जोधपुर

राजस्थान के डीजीपी राजीव शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद जोजरी, लूणी और बांडी नदियों को प्रदूषण और अवैध खनन से बचाने के लिए विशेष जांच दल SIT का गठन किया है। यह कमेटी इन नदियों में अवैध खनन रोकने का काम करेगी। SIT प्रमुख और जोधपुर पुलिस कमिश्नर अंशुमन भोमिया ने कहा कि खनन माफिया के आने-जाने के रूट और हॉटस्पॉट चिह्नित कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, सोमवार को कमिश्नर भोमिया की अगुवाई में कमेटी की पहली बैठक हुई थी, जिसमें IPS और RPS अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंगलवार को कमिश्नर अंशुमन भोमिया ने अवैध माफियाओं के खिलाफ शिकंजा कसने के लिए अपनी रणनीति साझा की।





SIT प्रमुख और जोधपुर पुलिस कमिश्नर अंशुमन भोमिया ने स्पष्ट किया कि नदियों में अवैध खनन रोकना एसआईटी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद ली जाएगी। खनन माफिया किन-किन रास्तों (रूट) से बजरी व अन्य खनिजों का परिवहन करते हैं और कहां अवैध स्टॉक जमा किया जाता है, टीम इसकी पूरी कुंडली खंगाल रही है। इन हॉटस्पॉट्स और रूट्स पर पुलिस अपने तंत्र के जरिए चौबीसों घंटे नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि रणनीति के तहत सबसे पहले इस अवैध धंधे में शामिल माफियाओं और स्थानीय नेटवर्क को चिन्हित किया जा रहा है। प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अकेले नहीं, बल्कि खनिज (माइनिंग) विभाग और अन्य संबंधित विभागों की टीमों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम देगी।

सरकारी मिलीभगत पर जीरो टॉलरेंस

अवैध खनन के मामलों में अक्सर सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत के आरोप लगते रहे हैं। इस पर कमिश्नर भोमिया ने सख्त लहजे में कहा कि जांच के दौरान यदि किसी भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी की संलिप्तता सामने आती है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कारवाई और विभागीय एक्शन लिया जाएगा।

इन जिलों के एसपी को मिली जिम्मेदारी

कमिश्नर ने कहा कि नदियों के बहाव क्षेत्र और खनन प्रभावित इलाकों को देखते हुए इस विशेष कमेटी में टीम में सदस्य के तौर पर जोधपुर ग्रामीण एसपी पंकज यादव, जोधपुर वेस्ट DCP कमल शेखावत, पाली एसपी मोनिका सेन, बालोतरा SP राजेश कांवट और ADCP रविन्द्र बोथरा को शामिल किया गया है। इसके अलावा, मामले की जांच के लिए गुड़ा मालानी (बालोतरा) के CO सुमेरसिंह, पाली ग्रामीण के CO अमरसिंह और जोधपुर वेस्ट SC ST सेल के ACP उम्मेदसिंह को अनुसंधान अधिकारी बनाया गया है।

परमार फाइटर्स ने जीता GPL-2 का खिताब: कांटे का रहा मुकाबला



ज़ूम न्यूज ››› पाली

पाली में घांची प्रीमियर लीग (GPL-2) नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला तनोत माता सुपर 7 और परमार फाइटर्स के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें निर्धारित ओवरों में 57-57 रन बनाकर बराबरी पर रहीं। इसके बाद पहला सुपर ओवर भी टाई रहा। ऐसे में दूसरे सुपर ओवर में परमार फाइटर्स ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की।

फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए तनोत माता सुपर 7 की टीम ने 5 विकेट खोकर 57 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी परमार फाइटर्स की टीम भी 4 विकेट खोकर 57 रन ही बना सकी। इसके बाद पहला सुपर ओवर खेला गया। इसमें तनोत माता सुपर 7 ने बिना विकेट खोए 6 रन बनाए। जवाब में परमार फाइटर्स की टीम एक विकेट खोकर 6 रन ही बना सकी। इससे मुकाबला फिर बराबरी पर छूट गया।

इसके बाद दूसरे सुपर ओवर में तनोत माता सुपर 7 की टीम 2 विकेट खोकर केवल 2 रन बना सकी। जवाब में परमार फाइटर्स ने बिना विकेट खोए 3 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल मुकाबला जीत लिया।

बांगड़-हॉस्पिटल से चूहे भगाने के लिए टेंडर

ज़ूम न्यूज ››› पाली

पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के वार्डों को चूहों से मुक्त करने के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। बांगड़ हॉस्पिटल अधीक्षक ने कहा कि जल्द ही प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सरकारी हॉस्पिटल की अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने एक्स पर ट्वीट कर स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर पर सवाल उठाए हैं।

बांगड़ हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ कैलाश परिहार ने बताया- हॉस्पिटल के वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को चूहे नुकसान न पहुंचाएं, इसे लेकर टेंडर आमंत्रित किए हैं। एक साल के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। जो ठेकेदार कम दर पर हॉस्पिटल में चूहों की दवा सभी वार्डों में रखने सहित इससे संबंधित अन्य काम करेगा उसे टेंडर दिया जाएगा। आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने भी एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदहाल है। भाजपा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने में नाकाम नजर आ रही है।

सेना के काफिले में शामिल ट्रक में आग, 3 पेट्रोल पंप होने से दहशत, ट्रैफिक रोका



ज़ूम न्यूज ››› कापरड़ा

बर-बिलाड़ा नेशनल हाईवे-25 पर विष्णु ढाणी के पास सोमवार को बिलाड़ा से जोधपुर जा रहे सेना के काफिले में शामिल एक ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरे वाहन को चपेट में ले लिया। घटनास्थल के एक तरफ दो और दूसरी तरफ एक पेट्रोल पंप होने तथा ट्रक में रखे तेल के ड्रम गर्मी से फूलने के कारण बड़े हादसे की आशंका से दहशत फैल गई। सेना के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए एहतियात के तौर पर हाईवे के दोनों ओर यातायात पूरी तरह बंद करवा दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जवानों ने पानी के टैंकर से आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे लपटें कुछ कम हुईं, लेकिन अंदर रखे सामान में आग सुलगती रही। सूचना पर बिलाड़ा और पीपाड़ से पहुंची दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक ट्रक और उसमें रखी जालियां, बिस्तर, जनरेटर व तेल के ड्रम जलकर राख हो चुके थे। कापरड़ा पुलिस और सेना के जवानों ने मौके पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभाली। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है और सेना की ओर से थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

17 नवंबर से 6 दिसंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी हितचिंतक अभियान चलेगा

जालोर में VHP बनाएगी 25 हजार हितचिंतक: कार्यकर्ता घर-घर जाकर करेंगे संपर्क; पोस्टर का विमोचन किया

ज़ूम न्यूज ››› जालोर

विश्व हिंदू परिषद की ओर से 17 नवंबर से 6 दिसंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी हितचिंतक अभियान चलाया जाएगा। अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष को समर्पित इस अभियान के तहत जालोर जिले में 25 हजार हितचिंतक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे और मोबाइल ऐप के माध्यम से उन्हें संगठन से जोड़ेंगे।



विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष कांति लाल जैन ने बताया कि अभियान का उद्देश्य हिंदू समाज से व्यापक संपर्क स्थापित कर लोगों को धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना है। इसके तहत सेवा कार्य, गौरक्षा, सामाजिक समरसता, बहन-बेटियों की सुरक्षा, धर्म जागरण सहित विभिन्न विषयों पर लोगों को जानकारी दी जाएगी। प्रेस वार्ता में जिला अभियान प्रमुख रतनसिंह ने बताया कि अशोक सिंघल ने अपना संपूर्ण जीवन हिंदू समाज के संगठन और श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लिए समर्पित किया। उनकी जन्म शताब्दी वर्ष में उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। जोधपुर प्रांत सह मंत्री एवं जालोर विभाग पालक महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि देशभर में 1 करोड़ और जोधपुर प्रांत में 10 लाख हितचिंतक बनाने का लक्ष्य है। अभियान के तहत कॉलेज, विद्यालय, औद्योगिक संस्थानों, कोचिंग सेंटरों, गौशालाओं और धार्मिक केंद्रों में भी संपर्क किया जाएगा। इसमें बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति के कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में जिला सेवा प्रमुख ओटाराम, शांतिलाल घांची, जीतू सैन, भरत घांची, अशोक सुन्देशा, नरेश कुमार और पार्थ गुर्जर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जालोर: सुंदेलाव तालाब का सौंदर्यकरण, सीमेंट की जगह निकली मिट्टी-बजरी

ज़ूम न्यूज ››› जालोर

जालोर शहर के सुंदेलाव तालाब पर अमृत 2.0 योजना के तहत 1.95 करोड़ रुपए की लागत से करवाया जा रहा सौंदर्यकरण का काम पूरा होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। सीमेंट बेस से मिट्टी और बजरी निकली है। घाट, छतरियां, लैंडस्केपिंग और पौधरोपण सहित प्रस्तावित कार्यों में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के आरोप लगे हैं। वार्ड 38 की निर्दलीय पार्षद बसंती देवी ने 22 अक्टूबर को निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग को लेकर सभापति को शिकायत दी थी। लेकिन शिकायत के 6 दिन बाद ही नगर परिषद ने संबंधित फर्म को 44 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। इसके बाद मिलीभगत को लेकर भी विभागीय स्तर पर जांच की मांग की जा रही है। वहीं नगर परिषद के सहायक अभियंता नवोदय सिंह निर्माण स्थल पर पहुंचे और तालाब की पाल पर बने सीमेंट बेस में तीन जगह छेद कर जांच की।

काउंटिंग रूम में मोबाइल ले जाने पर 2 कॉन्स्टेबल को नोटिस जारी

ZO-RO से की बदतमीजी, बोले-आप अपना काम करें; 24 घंटे में जवाब नहीं दिया तो होगी कार्रवाई

ज़ूम न्यूज ››› बालोतरा

बालोतरा जिले की पादरू पंचायत समिति के रूपसर बूथ नंबर 20 और 21 पर सरपंच पद की मतगणना के दौरान दो पुलिस कॉन्स्टेबल पर चुनाव आयोग के नियमों की अनदेखी और अधिकारियों से बदतमीजी करने का आरोप लगा है। कॉन्स्टेबल सरोज और छोटेलाल को तहसीलदार एवं रिटर्निंग अधिकारी ललित चारण ने नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। जवाब नहीं मिलने पर दोनों को सस्पेंड करने की कार्रवाई के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी और एसपी को पत्र लिखा जाएगा।

रिटर्निंग ऑफिसर और जेडओ से की बहस

मामला बीती रात रूपसर बूथ नंबर 20 और 21 पर सरपंच पद की मतगणना के दौरान का है। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कॉन्स्टेबल सरोज और छोटेलाल मोबाइल फोन लेकर मतगणना कक्ष के अंदर जा रहे थे। रिटर्निंग ऑफिसर और जोनल अधिकारी ने उन्हें कई बार मोबाइल अंदर ले जाने से रोका और चुनाव आयोग के नियमों की जानकारी दी। इसके बावजूद दोनों कॉन्स्टेबल ने नियमों का पालन करने के बजाय अधिकारियों से बहस की और जबरदस्ती मोबाइल फोन लेकर मतगणना कक्ष में चले गए। आरोप है कि इस दौरान दोनों ने अमर्यादित व्यवहार करते हुए रिटर्निंग ऑफिसर से कहा, 'आप अपना काम करो, हमें मना नहीं कर सकते।' मामले में रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार ललित चारण ने दोनों कॉन्स्टेबल को नोटिस जारी किया है। उनसे 24 घंटे के भीतर लिखित जवाब मांगा गया है। नोटिस का जवाब नहीं देने पर दोनों के खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाएगी।

गोसेवा से समृद्धि, स्वास्थ्य और संस्कारों का संवर्धन होता है: महंत दयानाथ जी महाराज





जूम न्यूज »» सरदारशहर

गोपाष्टमी के पावन पर्व पर गोशाला समिति की ओर से गोशाला बास स्थित गोशाला का 113वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महंत श्री दयानाथ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और विधि-विधान से गोपूजन के साथ हुआ। इस दौरान गोसेवा एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया।

महंत दयानाथ जी महाराज ने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। गोमाता की सेवा से सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने सभी से निस्वार्थ भाव से गोसेवा करने का आह्वान किया। गोशाला ट्रस्टी जगदीश प्रसाद जैसनसरिया ने गोशाला की गतिविधियों और व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए भविष्य में गोशाला को अभयारण्य के रूप में विकसित करने की योजना बताई। मंत्री सुरेंद्र जम्मड़ ने गोशाला का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता हुलासमल व्यास ने कहा कि नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और गोसेवा के संस्कारों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। युवाओं और बच्चों को गोशालाओं में आने तथा गोसेवा के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से गोशालाओं के संरक्षण और संवर्धन में भागीदारी निभाने की अपील की।

समारोह में गोशाला में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को पारितोषिक और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्टी बाबूलाल बोथरा, पंडित बालकृष्ण कौशिक, श्यामसुंदर मित्तल, प्रहलादराय जैसनसरिया, मुन्नालाल जैसनसरिया, कमल सोनी, संतोष सर्राफ, सुशील जैसनसरिया, मुखराम नाथोलिया, पवन कंदोई, शंकरलाल प्रेमाणी, संजय बोथरा, राजकुमार पारीक, नवनीत जैसनसरिया, सौरभ जैसनसरिया, बाबूलाल सुथार, कुंजबिहारी जोशी, अरविंद चोटिया, सीताराम मित्तल, विमल स्वामी और हनुमान बोथरा सहित अनेक गोभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन देवकीनंदन अग्रवाल ने किया। समारोह गोसेवा और गौ संरक्षण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

ब्रीफ न्यूज

झाड़ियों में फंदे से लटका मिला युवक का शवः शिनाख्त में जुटी पुलिस

जूम न्यूज »» सिरोही

पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र के जनापुर-नादिया मार्ग पर सोमवार को झाड़ियों में एक युवक का शव फंदे पर मिला। पुलिस देर शाम तक उसकी पहचान नहीं कर सकी। सड़क से कुछ दूर शव देखकर एक व्यक्ति ने आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद वहां काफी लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पिंडवाड़ा थाने के सहायक उप निरीक्षक अमर सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक की पहचान के प्रयास किए। कुछ लोगों ने बताया कि युवक जनापुर का रहने वाला है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस परिजनों की पहचान कर उन्हें सूचना देने और बुलाने की कोशिश कर रही है। परिजनों की रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया और निजी वाहन से पिंडवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

माउंटः दीपोत्सव के बाद सफाईकर्मियों का सम्मानः जूट के बैग दिए

जूम न्यूज »» माउंट आबू

पांच दिवसीय दीपोत्सव, लाभ पंचमी और छठ पूजा के बाद माउंट आबू में सफाईकर्मियों और स्वच्छता सैनिकों का सम्मान किया गया। नगर पालिका मंडल ने उन्हें माला पहनाई और जूट के बैग दिए। नगर पालिका अध्यक्ष सुनील आचार्य ने कहा कि स्वच्छता सैनिकों के प्रयासों से लाखों लोगों की भीड़ के बावजूद शहर साफ रहा। उन्होंने शहरवासियों का भी सफाई में योगदान देने के लिए आभार जताया। नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड, भारत सरकार के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुनील सिंघवी ने कहा कि माउंट आबू में दिलवाड़ा, गुरु शिखर और अचलगढ़ जैसे पर्यटन स्थल हैं। इन्हें देखने हर साल लाखों पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को साफ-सुथरा माहौल मिलने से शहर की पहचान बेहतर होगी और नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता दे रहे हैं।

दो बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 225 लोगों की जांच की

जूम न्यूज »» सिरोही

पिंडवाड़ा की ग्राम पंचायत काला महादेव खेड़ा की छतरियाफली में दो दिन पहले दो बच्चों की मौत के बाद चिकित्सा विभाग अलर्ट हो गया है। ग्रामीणों में बीमारी को लेकर फैली आशंका के बीच स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी प्रभावित क्षेत्र में तैनात रहीं। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी के निर्देश पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की निगरानी में घर-घर सर्वे कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। एहतियात के तौर पर विभाग ने सैंपलिंग भी तेज कर दी है। राहत की बात यह है कि शुरुआती जांच में कोई गंभीर मरीज सामने नहीं आया। दो विशेष मेडिकल टीमें गठित कर छतरियाफली भेजी गईं। टीमों ने फली के 32 घरों का सर्वे कर वहां रहने वाले 225 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य जांच के दौरान दो लोगों में बुखार, तीन में उल्टी-दस्त और नौ लोगों में फोड़े-फुंसी की शिकायत मिली।

नदी में मिला युवक का सड़ा-गला शवः 6 दिन से लापता था

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप; पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

जूम न्यूज »» झुंझुनूं



झुंझुनूं जिले में भड़ूंदा के पास काटली नदी क्षेत्र में शनि मंदिर के नजदीक कूंचों के बीच 24 साल के युवक का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है। वह 11 नवंबर से लापता था। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं। मंगलवार को परिजन झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए।

जानकारी के अनुसार, सुनील कुमार मूल रूप से पोषाणा गांव (गुढ़ागौड़जी) का रहने वाला था। वह बचपन से ही अपने ननिहाल केहरपुरा खुर्द में मामा के पास रहता था। वह पशुओं का रेवड़ चराने का काम करता था। 11 नवंबर को वह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने 12 नवंबर को बगड़ थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। पुलिस और परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस ने तलाश के दौरान सुनील के मोबाइल की लोकेशन खंगाली तो उसकी आखिरी लोकेशन काटली नदी क्षेत्र में मिली। इसके बाद 16 नवंबर को पुलिस और परिजन वहां पहुंचे। तलाश के दौरान आसपास की महिलाओं ने बताया कि पिछले दिन से ही इलाके में काफी बदबू आ रही थी। सोमवार को भी बदबू आने पर पुलिस और परिजनों ने कूंचों में तलाश की तो वहां एक शव दिखाई दिया। शव पूरी तरह सड़ चुका था और उसकी पहचान करना मुश्किल था। परिजनों ने कपड़ों और अन्य पहचान के आधार पर शव की शिनाख्त सुनील के रूप में की। इसके बाद शव को बगड़ अस्पताल लाया गया। परिजनों की बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने की मांग पर शव को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। सुनील की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के अनुसार सुनील शादीशुदा था और उसकी पत्नी गर्भवती है। उसके कोई बच्चे नहीं हैं। परिवार में तीन भाई हैं। करीब 17 साल पहले उसके पिता की मौत हो गई थी। सुनील ही परिवार का इकलौता कमाने वाला था। वह पशुओं का रेवड़ चराकर परिवार का पालन-पोषण करता था।

हत्या का आरोप लगाकर मॉर्च्युरी के बाहर दिया धरना

परिजनों ने सुनील की मौत को हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। मंगलवार को परिजन बीडीके अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए।

गोपाष्टमी पर चूरू में गोमाता की शोभायात्रा निकली, उमड़े श्रद्धालु

पिंजरापोल सोसायटी की गौशाला में पूजन, यज्ञ और मेला आयोजित



जूम न्यूज »» चूरू

चूरू में मंगलवार को गोपाष्टमी पर पिंजरापोल सोसायटी ने गौशाला परिसर में मेले का आयोजन किया। इस दौरान गोवंश की रक्षा, सेवा और संवर्धन का संकल्प लिया गया। सोसायटी अध्यक्ष सुशील बजाज ने बताया कि गोमाता की पूजा और गोवंश की खुशहाली की कामना के साथ गोपाल चौक से शोभायात्रा निकाली गई। यह सफेद घंटाघर, सब्जी मंडी, भाईजी और झारिया मोरी होते हुए पिंजरापोल गौशाला पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में हिस्सा लिया और गोमाता के जयकारे लगाए।

गौशाला में अतिथियों और श्रद्धालुओं ने गोपूजन किया और भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। श्रद्धालुओं ने तुलादान किया और यज्ञ में आहुतियां देकर देश और प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने गोवंश की रक्षा और संवर्धन का संकल्प भी लिया। तारानगर रोड पर बाबा भानीनाथ टीला के पास नंदिनी गौ पुत्र सेवा समिति ने नंदीशाला में गोपाष्टमी मनाई। यहां गोवंश की पूजा की गई और पंडितों के सानिध्य में यज्ञ में आहुतियां दी गईं। कार्यक्रम में अध्यक्ष महंत देवनाथ, ध्यान नाथ, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, मुकेश ठठेरा, कन्हैया लाल, कैलाश नवहाल, मेघराज और विनोद बजाज मौजूद थे। इसके अलावा ट्रस्टी पवन बगड़िया, मंत्री जगदीश सर्राफ, उपाध्यक्ष विमल सारस्वत, विनोद लूणिया और काशीराम क्याल सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

झुंझुनूं में रोडवेज डिपो के चीफ मैनेजर ने ठेका कर्मचारी को लात मारीः पूछा- चोरी क्यों करते हो

जूम न्यूज »» झुंझुनूं



झुंझुनूं में रोडवेज डिपो के चीफ मैनेजर ठेका कर्मचारी पर गुस्सा हो गए। युवक को लात मारी और चोरी का आरोप लगाते हुए सवाल-जवाब किए। घटना मंगलवार सुबह की है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, डिपो की वर्कशॉप में विभागीय सामान चोरी होने की शिकायत सामने आई थी। आरोप था कि ठेकेदार के सफाईकर्मी साफ-सफाई की आड़ में लोहे का कबाड़ बाहर निकाल रहे थे। शिकायत मिलने पर चीफ मैनेजर गिरिराज स्वामी वर्कशॉप पहुंचे। उस समय मौके पर अर्जुन, अरमान और वीर नाम के तीन सफाईकर्मी मौजूद थे। जांच में सामने आया कि तीनों ही ठेकाकर्मी है।

चीफ मैनेजर का कहना है कि अर्जुन नाम के युवक पर चोरी का आरोप है। जांच में उसके पास से कुछ सामान भी बरामद हुआ है। वे सामान चोरी कर रहे थे, जिन्हें मुख्य सुरक्षा प्रहरी ने सामान ले जाते हुए पकड़ लिया। विभागीय सामान चोरी होने पर युवक से सवाल-जवाब किए थे। घटनाक्रम के दौरान प्रबंधक संचालन मोनिका सहित वर्कशॉप के अन्य कर्मचारी भी मौके पर मौजूद दिखाई दे रहे हैं।

गाड़ी की टक्कर से युवक की मौतः पुणे में करता था काम

वोट डालने आया था गांव, सहजूसर के पास हादसा

जूम न्यूज »» चूरू

चूरू जिले के दूधवाखारा थाना क्षेत्र में सहजूसर के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार सूरजपाल सिंह (25) की मौत हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें डीबी अस्पताल में मृत घोषित किया। पुलिस के मुताबिक इंद्रपुरा निवासी महेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दी कि उनका चचेरा भाई सूरजपाल सोमवार रात बाइक से चूरू से गांव जा रहा था। सहजूसर के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल सूरजपाल को निजी वाहन से डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड ले जाया गया। सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस वहां पहुंची और शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। इसके बाद दूधवाखारा पुलिस अस्पताल पहुंची।

पुलिस ने महेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सूरजपाल महाराष्ट्र के पुणे में एक निजी कंपनी में काम करते थे। वे पंचायत राज चुनाव में वोट डालने गांव आए थे। उनकी शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी।

सुप्रीम कोर्ट व एनिमल वेलफेयर बोर्ड की गाइडलाइन

नगर परिषदों के 1.5, 2 करोड़ के मुकाबले बीकानेर निगम 34.55 लाख में बनाएगा डॉग शेल्टर हाउस

जूम न्यूज »» बीकानेर

शहर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक और सुप्रीम कोर्ट व एनिमल वेलफेयर बोर्ड की गाइडलाइन के बीच बीकानेर नगर निगम ने आखिरकार डॉग शेल्टर हाउस बनाने की कवायद शुरू की है। लेकिन निगम द्वारा जारी इस टेंडर की अनुमानित लागत ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रदेश की छोटी नगर परिषदों में जहां शेल्टर हाउस बनाने पर 1.50 से 1.75 करोड़ रुपए तक खर्च किए जा रहे हैं, वहीं प्रदेश के बड़े नगर निगमों में शुमार बीकानेर निगम महज 34.55 लाख रुपए में इस प्रोजेक्ट पर खर्च करने जा रहा है। इतनी कम राशि में शेल्टर हाउस बनने की खबर के बाद अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या निगम का यह प्रोजेक्ट सिर्फ कागजी औपचारिकता बनकर रह जाएगा या फिर यहां बनने वाला ढांचा नगर परिषदों के मुकाबले बेहद कमजोर और सीमित होगा? दैनिक भास्कर ने जब प्रदेश के अन्य जिलों की नगर परिषदों द्वारा निकाले गए डॉग शेल्टर हाउस के टेंडरों को खंगाला, तो चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। छोटे शहरों और कम आबादी वाली नगर परिषदों ने भी श्वानों के लिए सर्वसुविधायुक्त शेल्टर होम बनाने के लिए भारी-भरकम बजट रखा है। नागौर नगर परिषद 1.75 करोड़ रुपए, प्रतापगढ़ नगर परिषद 1.72 करोड़ रुपए, श्रीगंगानगरनगर परिषद 1.67 करोड़ रुपए, सिरोही नगर परिषद 1.49 करोड़ रुपए से शेल्टर हाउस बनाने जा रहा है। इसके टेंडर भी हो गए हैं मगर बीकानेर नगर निगम महज 34.55 लाख रुपए में ये काम पूरा करेगा।

पहले चरण में बनेगा सिर्फ बुनियादी ढांचा

नगर निगम प्रशासन द्वारा जारी ई-निविदा सूचना (संख्या 75/2026-27) के दस्तावेजों और जी-शेड्यूल में निगम ने इस टेंडर को कंस्ट्रक्शन ऑफ डॉग शेल्टर इन बीकानेर म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन एरिया (फेज-1) नाम दिया है। यह शेल्टर हाउस न होकर केवल बुनियादी ढांचा है। जी-शेड्यूल के अनुसार 34.55 लाख रुपए की इस राशि में करीब 2000 वर्गमीटर भूमि का समतलीकरण, चारों तरफ 195 मीटर लंबी कांटेदार तारबंदी, एक ट्यूबवेल (बोरवेल) की खुदाई और सीमित क्षेत्र में ईंटों की चिनाई व आरसीसी का कार्य शामिल है। अन्य नगर परिषदों के डेढ़ करोड़ से अधिक के टेंडरों में जहां ऑपरेशन थिएटर (एबीसी सेंटर), पोस्ट-ऑपरेटिव केयर वार्ड, मेडिकल स्टोर, डॉक्टरों के कक्ष, ड्रेनेज सिस्टम और पिंजरे का प्रावधान होता है। यहां आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल नहीं है। मजबूत शेल्टर हाउस जरूरी शहर के हर गली-मोहल्ले में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट (श्वान के काटने) की घटनाओं से आमजन त्रस्त है।

विधायक के बेटे के नामांकन विवाद में पहली गिरफ्तारीः हाईकोर्ट का फर्जी आदेश बनाने वाला पकड़ा

जूम न्यूज »» झुंझुनूं

झुंझुनूं जिले की सूरजगढ़ पंचायत समिति चुनाव में कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार के बेटे जयप्रकाश के नामांकन से जुड़े कथित फर्जी हाईकोर्ट आदेश के मामले में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। सूरजगढ़ थाना पुलिस ने विक्रम सिंह (40) निवासी रूपपुरा, तन कुलोठ खुर्द को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि कथित फर्जी आदेश किसने तैयार किया और इस पूरे मामले में कौन-कौन शामिल था।

इस मामले की शुरुआत विधायक श्रवण कुमार के बेटे जयप्रकाश के पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी से हुई थी। जयप्रकाश का नाम सूरजगढ़ नगर पालिका के वार्ड 25 की मतदाता सूची में दर्ज था। वे सूरजगढ़ पंचायत समिति के वार्ड 7 से चुनाव लड़ना चाहते थे। इसके लिए जीणी ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आवेदन किया गया, लेकिन निर्धारित समय सीमा निकल जाने के कारण उनका नाम सूची में नहीं जुड़ पाया। इसके बाद जयप्रकाश ने 15 अक्टूबर को राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की। 16 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कोई अंतरिम राहत नहीं दी और अगली सुनवाई के लिए 27 अक्टूबर की तारीख तय की।

डिग्गी में डूबने से मां और मासूम बेटी की मौत, वोट देकर लौटी थीं

पैर फिसलने से गिरी, 4 साल से खेत में रह रहा था परिवार

जूम न्यूज »» देशनोक

देशनोक में सोमवार को पानी की डिग्गी में डूबने से मां और दो साल की बेटी की मौत हो गई। मां अनोप का पैर फिसलने से वह अपनी मासूम बेटी के साथ खेत में बनी पानी की डिग्गी में गिर गई। दोनों को डिग्गी से बाहर निकालकर देशनोक सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका मां-बेटी बाधनू-जसरासर क्षेत्र की निवासी थीं।

हड़मान राम का परिवार पिछले करीब चार साल से देशनोक क्षेत्र स्थित खेत में रह रहा था। सोमवार को अनोप अपनी दो साल बेटी के साथ गांव में मतदान करने गई थी। वोट डालने के बाद दोनों वापस खेत पर लौटीं। इसके कुछ समय बाद खेत में बनी पानी की डिग्गी के पास अनोप का पैर फिसल गया और वह बेटी समेत डिग्गी में जा गिरी। हादसे के बाद आसपास के लोगों और परिजनों ने दोनों



को डिग्गी से बाहर निकाला और देशनोक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंपा


मंगलवार को देशनोक पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद दोनों के शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए। बताया जा रहा है कि हड़मान राम की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। दंपती की दो साल की एक ही बेटी थी।

गहलोत बोले- पूर्व उपराष्ट्रपति-धनखड़ को अब तक बंगला नहीं दिया: कहा- अभी मैं दिल्ली और राजस्थान कहीं इन्वोल्व नहीं, मैं थां सूं दूर नहीं

ज़ूम न्यूज »» जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को रिटायरमेंट के बाद या फिर अगर इस्तीफा दे दें, तब भी टाइप 8 बंगला मिलता है। पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व उपराष्ट्रपति और पूर्व प्राइम मिनिस्टर तीनों को मिलता है। गहलोत ने कहा- धनखड़ साहब को दो साल से अधिक समय हो गया, अभी तक कोई हलचल ही नहीं है वहां बंगले की। ये रहें कहां? ये कोई अपने दोस्त के फार्म हाउस में रह रहे हैं, ये तो उचित नहीं है। प्रधानमंत्री को चाहिए कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें। गहलोत ने दिल्ली से लौटने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए यह कहा। वहीं पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राजस्थान की सियासत में आगे भी सक्रिय रहने के संकेत देते हुए पुराना बयान दोहराया है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल होने की चर्चाओं पर गहलोत ने कहा- ये बातें मैं तीन साल से सुन रहा हूं। मैं अभी न राजस्थान में इन्वॉल्व हूं, न दिल्ली में इन्वॉल्व हूं।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- दुनिया के लोग बाहर से आते हैं तो वे पूर्व उपराष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व पीएम से मिलने की इच्छा रखते हैं, उनसे चर्चा करते हैं। हमारे प्रवासी लोग भी बाहर से आते हैं, उनको भी मिलना होता है। पूर्व उपराष्ट्रपति के पद की गरिमा के अनुकूल आप व्यवहार नहीं कर रहे हो। आपने खुद इनको गवर्नर और फिर उपराष्ट्रपति बनाया, हमने थोड़ी बनाया था। उपराष्ट्रपति रहे हुए आदमी का एक अलग ओरा होता है। उन्हें बंगला दिया जाना चाहिए।



तीन साल से सुन रहा हूं, ऐसी बात नहीं

मुझे कभी इसके बारे में कोई हिंट भी नहीं दिया गया। तीन साल से लगातार सुन रहा हूं। मैं क्या-क्या बन रहा हूं, तो कोई ऐसी बात नहीं है। वहीं गहलोत ने कहा- मैं जो काम कर रहा हूं, राजस्थान के अंदर, मैं थां सूं दूर नहीं। मैं दिल से चाहता हूं कि मैं राजस्थान वालों की सेवा करूं। किसी भी पद पर रहूं या नहीं रहूं, लेकिन सेवा मैं राजस्थान वालों की करूं, ये मेरे दिल के अंदर है। यही मेरी भावना है और आगे भी यही मेरी भावना रहेगी। अशोक गहलोत ने कहा- वैसे तो हाईकमान का फैसला सर्वोपरि रहा है आज तक पूरी जिंदगी के अंदर, आगे भी रहेगा। जहां मुझे कहा जाएगा। जिम्मेदारी कोई हो, वो मैं लेने से मना नहीं कर सकता, वो अलग बात है। मैंने मेरे दिल की बात कह दी आपको। पार्टी ने विश्वास किया 55 साल तक और विभिन्न पदों पर मुझे जिम्मेदारी दी गई, मैंने निभाई। इसलिए मेरा कर्तव्य बनता है, मेरा धर्म बनता है कि पार्टी के लिए मैं क्या कर सकता हूं, क्या काम आ सकता हूं। पार्टी का इंटरेस्ट मेरे लिए सर्वोपरि रहेगा। गहलोत ने कहा- अभी मेरी नजर में पार्टी की सेवा करने का मतलब है देश की सेवा करना। देश से लोकतंत्र को बचाना है, जो खतरे में है। ये जो ताकतें सत्ता में बैठी हुई हैं, ये फासिस्ट लोग हैं। बीजेपी और आरएसएस का लोकतंत्र में यकीन नहीं है। अगर यहां वोटों का राज चाहते हैं तो इनका मुकाबला पूरे मुल्क को करना पड़ेगा। अगर हम चाहते हैं कि यहां लोकतंत्र मजबूत रहे तो जरूरी है कि हम सब चिंता करें। सोनिया गांधी की किताब में खुद के जिक्र के सवाल पर गहलोत ने कहा- किताब में ऐसा कोई चैप्टर नहीं लिखा हुआ है मेरे बारे में। ये तो एक प्रकार से उन्होंने अपना अनुभव बताया कि मैं इन लोगों को जानती थी।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर: मानसरोवर में थार से महिला को कुचलने की कोशिश, सड़क पर गिरी



ज़ूम न्यूज »» जयपुर

जयपुर मे एक थार ड्राइवर के महिला को कुचलने की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना सोमवार रात मानसरोवर थाना इलाके की है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोप है कि चालक ने जानबूझकर महिला को निशाना बनाते हुए थार गाड़ी से टक्कर मारने की कोशिश की। इस दौरान महिला सड़क पर गिर गई। फिर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मानसरोवर थानाधिकारी सतीश चंद ने बताया- अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस वायरल वीडियो की सत्यता और घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

फसल बीमा कंपनियों की धोखाधड़ी, किसानों का नुकसान दिखाया कम

ज़ूम न्यूज »» जयपुर

राजस्थान सरकार के मूल्यांकन विभाग ने फसल बीमा कंपनी की गड़बड़ियों को पकड़ा है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि कंपनियों ने जानबूझकर किसानों का कम नुकसान दिखाया और फर्जी फोटो लगाए। हालत ये हैं कि कई बार किसानों को फसल खराबे का बहुत कम क्लेम मिलता है। रिपोर्ट में खामियों को ठीक करने के लिए सुझाव भी दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार बीमा कंपनियों के कर्मचारी फसल नुकसान के सर्वे में मनमानी करते हैं और किसानों को बहलाने के साथ कई बार दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। कुछ मामलों में यह भी सामने आया है कि किसानों की फसल खराब होने के बावजूद उसे छुपाने के लिए दूसरी जगह की अच्छी फसल के फोटो लगा दिए ताकि नुकसान का क्लेम नहीं देना पड़े। मूल्यांकन विभाग ने चूरू, बाड़मेर, हनुमानगढ़, जोधपुर, सीकर, दौसा, सिरोही, राजसमंद, करौली और धौलपुर जिलों में फसल बीमा योजना का रैंडम सर्वे कर रिपोर्ट दी है।

युवक पर फायरिंग कर थार में भागे बदमाश, बाइक-पिकअप में की तोड़फोड़

ज़ूम न्यूज »» जयपुर

जयपुर में आपसी रंजिश में एक युवक पर फायरिंग का मामला सामने आया है। थार सवार हमलावरों ने एक दुकान के बाहर खड़ी पिकअप और बाइक में तोड़फोड़ की। इसके बाद वहां काम करने वाले एक युवक पर फायरिंग कर भाग गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावरों में से एक युवक नौकरी से निकाले जाने के बाद युवक से रंजिश रखने लगा था। पुलिस ने हमलारों की तलाश के लिए नाकाबंदी करवाई लेकिन कुछ पता नहीं चला। मामला नारायण विहार थाने का है। हमले का एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने बताया कि नारायण विहार में हरिओम धर्मकांटा के पास निरंकार बजरी सप्लायर नाम से दुकान है। दुकान पर महेन्द्र (34) और सचिन नाम का युवक काम करता था। साल 2021 में सचिन को काम से निकाल दिया गया था। इसके बाद से सचिन और महेन्द्र की आपसी रंजिश हो गई थी।

गोपाष्टमी पर पिंजरापोल में सीएम और राज्यपाल ने की गौपूजा: हिंगोनिया में 51 कुंडीय यज्ञ में दीं आहुतियां

गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का दिया संदेश

ज़ूम न्यूज »» जयपुर



जयपुर में मंगलवार को गोपाष्टमी पर अलग-अलग गौशालाओं में गौमाता का पूजन, हवन और धार्मिक कार्यक्रम हुए। पिंजरापोल गौशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गौमाता की पूजा की। वहीं, हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में 51 कुंडीय यज्ञ किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद की ओर से पिंजरापोल गौशाला परिसर में गोपाष्टमी महोत्सव मनाया गया। यहां गौपूजन के साथ भगवान श्री कालभैरव का पूजन-अर्चन भी किया गया। कार्यक्रम में गौसंरक्षण, प्राकृतिक खेती और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया गया। वहीं, हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में करीब 2 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। यहां 51 कुंडीय यज्ञ के बाद गौमाताओं की पूजा और आरती की गई। पिंजरापोल गौशाला परिसर स्थित सनराइज ऑर्गेनिक पार्क एवं वैदिक औषधीय पादप केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान गौमाता का वैदिक मंत्रों के साथ पूजन किया गया। भगवान श्री कालभैरव का विशेष पूजन भी हुआ।

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि गौशालाओं को केवल गौवंश के संरक्षण तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी काम करना चाहिए। गौशालाओं में उपलब्ध गोबर से जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट और अन्य कृषि उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। इससे गौशालाओं की आय बढ़ने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी मिल सकते हैं।

हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट की ओर से गोपाष्टमी महोत्सव मनाया गया। सुबह 9 बजे 51 कुंडीय यज्ञ से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यज्ञ में गौमाता के 108 नामों का आह्वान किया गया और भगवान श्रीकृष्ण से सभी के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कीर्तन में भाग लिया। महोत्सव में श्रद्धालुओं ने गौमाताओं का पूजन और आरती की।

कार्यक्रम में 2 हजार श्रद्धालु हुए शामिल

सर्दी को देखते हुए गौमाताओं के लिए विशेष लड्डू तैयार किए गए और उन्हें भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं के लिए गौमाताओं को चारा खिलाने और गौशाला का भ्रमण करने की व्यवस्था भी की गई। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रघुपति दास ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 2 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। गौशाला परिसर में सभी के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने गौदर्शन और गौसेवा के बाद प्रसादी ग्रहण की। गोपाष्टमी कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने बड़े भाई बलराम और ग्वालबालों के साथ गायें चराना शुरू किया था। इसी परंपरा के तहत इस दिन गौमाता की पूजा और सेवा की जाती है।

कॉमेडियन एहसान कुरैशी जयपुर आए, दोस्त को देखकर गाया गाना

बोले- भागदौड़ भरी जिंदगी में हंसी और खुशी जरूरी है



ज़ूम न्यूज »» जयपुर

जयपुर स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के शामिल होने मशहूर कॉमेडियन एहसान कुरैशी भी पिंकसिटी पहुंचें। इस दौरान मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट पर उनका अलग ही अंदाज देखने को मिला। उन्होंने अपनी कॉमेडी के साथ ही गायकी के रंग भी फैन्स के सामने पेश किए। एयरपोर्ट पर उनके दोस्त एकेश पार्थ लेने पहुंचे थे। उन्हें देखते ही एहसान कुरैशी ने फिल्मी गीत 'हंसते-हंसते कट जाए रस्ते' गुनगुनाया।

इसके बाद दोनों दोस्तों ने मिलकर दोस्ती पर भी गाना गाया। कुरैशी ने कहा कि हंसने से जीवन में सकारात्मकता आती है। एहसान कुरैशी जयपुर स्थापना दिवस को लेकर बिरला ऑडिटोरियम में बुधवार को हास्य कवि सम्मेलन में भाग लिया। शाम 5 बजे हुए कवि सम्मेलन में एहसान कुरैशी के अलावा कवि हरिओम पंवार, सुरेश अलबेला, दिनेश रघुवंशी, राव आजातशत्रु, प्रियांशु गजेन्द्र, दिपिका माही और एकेश पार्थ ने भी प्रस्तुतियां दीं।

हास्य लोगों को जोड़ता भी है और उम्र भी बढ़ाता है

जयपुर पहुंचने पर एहसान कुरैशी ने कहा कि हास्य केवल लोगों को हंसाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह लोगों को आपस में जोड़ने का काम भी करता है। हास्य इंसान की उम्र भी बढ़ाता है, क्योंकि हंसने से जीवन में सकारात्मकता आती है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के लिए हंसी और खुशी बहुत जरूरी है। ऐसे में हास्य कलाकारों और कवियों की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वे अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाएं। एहसान कुरैशी ने कहा कि वे पिछले कई दशकों से जयपुर में अपनी प्रस्तुतियां देने आ रहे हैं। इस शहर से उनका खास कनेक्शन है और यहां आकर उन्हें हमेशा एक अलग तरह का जुड़ाव महसूस होता है। जयपुर की खासियत यह है कि यहां आज भी साहित्य, कविता और हास्य को पसंद करने वाले लोग बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यहां के दर्शक कविताओं को सुनते और समझते हैं।

बाल संप्रेषण गृह पर छापेमारी: चार मोबाइल-चार्जर और गांजा बरामद

ज़ूम न्यूज »» जयपुर



जयपुर पुलिस ने सोमवार दोपहर बाल संप्रेषण गृह पर छापेमारी की कार्रवाई की। रेड में 50 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रहे। सर्च के दौरान बाल संप्रेषण गृह में 4 मोबाइल-चार्जर सहित गांजा मिलने पर बरामद किया गया। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाकर मिले माल को सौंपा गया। जयपुर कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशन में छापेमारी की कार्रवाई हुई। स्पेशल कमिश्नर ओम प्रकाश को सूचना मिल रही थी कि संप्रेषण गृह में मौजूद बाल अपचारियों के बाहरी आपराधियों के कॉन्टैक्ट में है।

इसके साथ ही नेश में लिप्त होने की भी सूचना मिली थी। बाल संप्रेषण गृह पर छापेमारी के लिए 50 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई। स्पेशल टीम के पुलिसकर्मियों ने सोमवार दोपहर बाल संप्रेषण गृह में रेड डाली। पुलिसकर्मियों के रेड को देखकर बाल अपचारियों में हड़कम्प मच गया। सर्च में संप्रेषण गृह से 4 मोबाइल, चार्जर, डेटा केबल और मादक पदार्थ गांजा मिला। पुलिस टीम ने छिपाकर रखे मोबाइल-चार्जर और गांजे को बरामद कर लिया है। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत FIR दर्ज करवाई गई है।

SMS हॉस्पिटल की इमरजेंसी में अब 24 घंटे मिलेंगे आंख-कान-नाक के डॉक्टर, मरीजों को नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

ज़ूम न्यूज »» जयपुर

सवाई मानसिंह (SMS) हॉस्पिटल की इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को अब इलाज के लिए अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है।

इसके तहत अब आंख, नाक, कान और गले से जुड़ी समस्याओं के लिए 24-घंटे ऑन कॉल सीनियर डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। वहीं, मेडिसिन, हड्डी, सर्जरी और एनेस्थीसिया विभाग के सीनियर रेजीडेंट डॉक्टरों की रोटेशन के आधार पर ड्यूटी लगाई जाएगी। प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने इस संबंध में संबंधित विभागों को पत्र जारी कर ड्यूटी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार, मेडिसिन, अस्थि रोग, सर्जरी और एनेस्थीसिया विभाग के एचओडी को चार-चार सीनियर रेजीडेंट डॉक्टर रोटेशन के आधार पर नियुक्त करने को कहा गया है, ताकि इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर में हर समय डॉक्टर उपलब्ध रहें। वहीं, नेत्र रोग और ईएनटी विभाग को 24x7 ऑन कॉल सीनियर डॉक्टर की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। दीपावली के दौरान अस्पताल में विशेष व्यवस्था की गई थी। इस दौरान मरीजों को मिली सुविधा और बेहतर व्यवस्थाओं को देखते हुए हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी ने प्रिंसिपल को यह व्यवस्था सामान्य दिनों में भी लागू रखने का सुझाव दिया।

नाक, कान और आंखों के मरीजों को आती है परेशानी



अक्सर इमरजेंसी में ऐसे केस आते हैं, जहां मरीज के नाक, कान या गले के अलावा आंखों से जुड़ी परेशानी होती है। ऐसे में मरीज पहले इमरजेंसी आता है, बाद में उसे चरक भवन भेजा जाता है। जहां कई बार सीनियर रेजीडेंट नहीं मिलने पर मरीज को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है। ऑन कॉल व्यवस्था रहने से मरीज आने पर उसे यथासंभव इमरजेंसी में ही इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

बेटी को गोद में लेकर जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे सिद्धार्थ मल्होत्रा: एक्ट्रेस कियारा आडवाणी कैमरे बंद होने के बाद कार से उतरी; मुंबई हुई रवाना

ज़ूम न्यूज »» जयपुर

बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और उनकी पत्नी एक्ट्रेसेस कियारा आडवाणी मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट पर नजर आए। इस दौरान सिद्धार्थ अपनी बेटी को गोद में लिए हुए थे। दोनों की एयरपोर्ट पर मौजूदगी के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखने को मिले। कपल हाई सिक्योरिटी के बीच एयरपोर्ट पहुंचा और कुछ ही देर में चार्टर प्लेन से मुंबई के लिए रवाना हो गया। कपल की सिक्योरिटी टीम ने एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों और मीडिया को वीडियो बनाने से रोका। दरअसल, सिद्धार्थ-कियारा एयरपोर्ट पहुंचे, तब मीडियाकर्मी मौजूद थे। सिक्योरिटी टीम ने मीडिया और अन्य लोगों से वीडियोग्राफी नहीं करने के लिए कहा। कैमरे बंद होने के बाद कियारा कार से बाहर निकलीं और एयरपोर्ट के अंदर चली गईं। वहीं सिद्धार्थ बेटी को गोद में लेकर आगे बढ़ते नजर आए। परिवार की निजता को ध्यान में रखते हुए उनकी टीम ने किसी को भी बेटी की तस्वीर या वीडियो बनाने की अनुमति नहीं दी।

दूसरी प्रेग्नेंसी की खबरों के बीच बढ़ाई गई सतर्कता

कियारा आडवाणी ने हाल में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी सार्वजनिक की है। ऐसे में एयरपोर्ट पर उनकी सुरक्षा और निजता को लेकर टीम विशेष सतर्क नजर आई। कपल की ओर से बेटी की तस्वीरों और वीडियो को सार्वजनिक करने से बचने की कोशिश भी इस दौरान दिखाई दी। एयरपोर्ट पर कियारा



के नाम को लेकर भी दिलचस्प जानकारी सामने आई। फ्लाइट टिकट पर उनका नाम आलिया आडवाणी दर्ज नजर आया। कियारा आडवाणी का मूल नाम आलिया आडवाणी है, जबकि फिल्मों में वे कियारा आडवाणी के नाम से पहचान रखती हैं।

कपल का खास रिश्ता, जैसलमेर में हुई थी शादी

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी का राजस्थान से खास जुड़ाव रहा है। दोनों ने 7 फरवरी 2023 को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शाही अंदाज में शादी की थी। उनकी शादी बॉलीवुड की चर्चित शादियों में शामिल रही। शादी समारोह में परिवार के सदस्यों और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े चुनिंदा मेहमानों ने शिरकत की थी। फिल्म 'शेरशाह' की शूटिंग के दौरान दोनों करीब आए थे। इसी फिल्म के बाद उनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से सिद्धार्थ ने शुरू किया था फिल्मी सफर

सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत वर्ष 2012 में करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से की थी। इससे पहले वे मॉडलिंग कर चुके थे और करण जौहर की फिल्म 'माई नेम इज खान' में सहायक निर्देशक के तौर पर भी काम किया था। सिद्धार्थ को फिल्म 'एक विलेन' से बड़ी पहचान मिली।

दिसंबर में ट्रैफिक ब्लॉक से 15 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित

अजमेर-सियालदह, मदार-कोलकाता समेत कई ट्रेनें कैंसिल

ज़ूम न्यूज »» जयपुर

दिसंबर में रेलवे के अलग-अलग कामों के कारण यात्रियों को परेशानी हो सकती है। चूरू यार्ड में रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण और पूर्व रेलवे के खाना-आसनसोल रूट पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा।


इसके चलते चूरू-सीकर, रेवाड़ी-बीकानेर और अजमेर-सियालदह समेत कई ट्रेनें कैंसिल रहेंगी। कुछ ट्रेनें आंशिक रद्द रहेंगी, जबकि एक ट्रेन तय समय से देरी से रवाना होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि चूरू-सादुलपुर रूट पर चूरू यार्ड में रेलवे क्रॉसिंग नंबर 165 पर आरओबी निर्माण के कारण चार ट्रेनें कैंसिल रहेंगी। दो ट्रेनें रतनगढ़ तक ही चलेंगी। वहीं, हिसार-जोधपुर एक्सप्रेस 2 और 9 दिसंबर को अपने तय समय से 30 मिनट देरी से रवाना होगी।

दो ट्रेनें रतनगढ़ तक ही चलेंगी: ट्रेन नंबर 14897 बीकानेर-हिसार 2 और 9 दिसंबर को बीकानेर से रवाना होकर रतनगढ़ तक ही चलेगी। रतनगढ़ से हिसार के बीच ट्रेन नहीं चलेगी। ट्रेन नंबर 14898 हिसार-बीकानेर 2 और 9 दिसंबर को हिसार के बजाय रतनगढ़ से रवाना होगी। हिसार से रतनगढ़ के बीच ट्रेन नहीं चलेगी। ट्रेन नंबर 14892 हिसार-जोधपुर एक्सप्रेस 2 और 9 दिसंबर को हिसार से अपने तय समय से 30 मिनट देरी से रवाना होगी।



जैकी पर म्यूजिकल फिल्म भी बननी चाहिए : घई

मुंबई। अभिनेता जैकी श्रॉफ के पास अभिनय के अलावा गायिकी का भी हुनर है। दर्शकों ने उन्हें पर्दे पर एक्शन का दम दिखाते देखा है। कॉमेडी करते देखा है और इमोशनल होते देखा है। मगर, इसके साथ ही वे सिंगिंग भी कर सकते हैं। ऐसा सुभाष घई का कहना है। चर्चित निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने जैकी श्रॉफ की सिंगिंग की सिर्फ तारीफ ही नहीं की, बल्कि उनका मानना है कि उन पर म्यूजिकल फिल्म भी बननी चाहिए। फिल्म का भविष्य भी उन्होंने बता दिया कि यह खूब चलेगी। निर्माता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें जैकी श्रॉफ गाना गाते दिख रहे हैं।



लाइफ Style

श्रद्धा

ईठा का गाना 'जी जी रे जी' रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रद्धा कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'ईठा' को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म का पहला गाना 'जी जी रे जी' रिलीज किया है। गाने में श्रद्धा कपूर शानदार डांस करते हुए नजर आ रही हैं। यह गाना एक महान कलाकार की कहानी को आकार देने वाले डांस की झलक पेश करता है।


'जी जी रे जी' गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। श्रेया घोषाल ने इसे अपनी मखमली आवाज दी है। इसका म्यूजिक अजय-अतुल ने दिया है। उन्होंने ही इसे कंपोज किया है। मैडॉक फिल्म्स और कठपुतली क्रिएशन्स की तरफ से प्रस्तुत इस गाने में श्रद्धा 'ईठा' के किरदार में नजर आती हैं। इसमें वह पारंपरिक नौवारी साड़ी, गहनों और घुंघरुओं के साथ लावणी करती दिख रही हैं। गाने के बारे में बात करते हुए अजय-अतुल ने कहा कि फिल्म में संगीत का काम सिर्फ कहानी के साथ चलना नहीं था, बल्कि इसने फिल्म के किरदारों और कहानी को स्थापित करने में एक अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे बताया कि वे 'जी जी रे जी' गाने के जरिए, लावनी की पारंपरिक भावना को बनाए रखते हुए, एक दमदार रचना के माध्यम से किरदार की ताकत को दिखाना चाहते थे। घोषाल ने कहा, 'कुछ गाने ऐसे होते हैं जिन्हें आप सिर्फ गाते हैं, जबकि कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें आप कुछ पलों के लिए जीते हैं। 'जी जी रे जी' दूसरे तरह का गाना है। अजय-अतुल ने एक ऐसी रचना तैयार की है जिसमें लावणी का जोश, चतुराई और शालीनता कूट-कूट कर भरी है। मैं चाहती थी कि मेरी आवाज में भी वह सब झलके।'

हॉलीवुड मसाला




शुरू हुई डूम्सडे की एडवांस बुकिंग

नई दिल्ली। भारत में मार्वल फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। करीब एक महीने पहले से 17 नवंबर को पूरे देश में 'एवेंजर्स: डूम्सडे' की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। इससे दर्शकों को अगले महीने फिल्म रिलीज होने से काफी पहले अपनी सीटें बुक करने का मौका मिल गया है। बुक माइ शो और डिस्ट्रिक्ट जैसे टिकटिंग प्लेटफॉर्म्स पर शो की लिस्टिंग शुरू हो गई है, और फैंस तेजी से बुकिंग काउंटर से इसे बुक कर रहे हैं। 'एवेंजर्स: डूम्सडे' गुरुवार, 17 दिसंबर को भारतीय सिनेमाघरों में आएगी।



द ओडिसी की शूटिंग के दौरान टॉम ने की मदद

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'द ओडिसी' को सिनेमाघरों में दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में हॉलीवुड अभिनेत्री जेंडाया ने अहम भूमिका निभाई थी। इस पर एक्ट्रेस ने शूटिंग के दौरान का अनुभव साझा किया। जेंडाया ने बताया कि उस दौरान टॉम ने उनका बहुत साथ दिया। उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात थी कि उस दिन टॉम सेट पर आये थे, और वह कोने में खड़ा होकर कह रहे थे, तुम यह कर सकते हो, तुम अच्छा कर रही हो।' उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके किस करीबी शख्स ने उन्हें प्रोत्साहित किया था। रिपोर्ट के अनुसार जेंडाया ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, 'यह रोमांचक था क्योंकि मैं रात में शूटिंग कर रही थी, और मुझे याद है कि जब मैं अंदर आई तो मुझे लगा, यह मेरे लिए किसी अविश्वसनीय पल जैसा है।



'कॉल मी बे 2' में लीड रोल में आएंगी नजर

मुंबई। अनन्या पांडे अपकमिंग सीरीज 'कॉल मी बे' को लेकर चर्चा में हैं। कॉलिन डी कुन्हा के निर्देशन में बनी इस सीरीज में अनन्या पांडे लीड रोल में नजर आएंगी। 'कॉल मी बे' सीजन 2 को करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता ने धर्मॉटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। प्राइम वीडियो ने आज 17 नवंबर को हिंदी ओरिजिनल सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन के वर्ल्डवाइड स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की है। यह सीरीज 17 दिसंबर को रिलीज होगी। यह आठ एपिसोड वाली सीरीज अपने ह्यूमर, ग्लैमर और दोस्ती के अनोखे मेल के साथ वापसी कर रही है। इसमें बे की जिंदगी पहले से भी ज्यादा उलझी हुई है। इस बार वह अपने दिल और बहन कोड को भी आजमाती नजर आने वाली है। नई सीरीज अपने साथ टैलेंटेड एक्टर्स की टीम लेकर आ रही है।



द वन-2 का ऐलान, सामने आई पहली झलक

मुंबई। फिल्म 'द वन' की सफलता के बाद एकता कपूर ने छठ के शुभ अवसर पर इसके सीक्वल 'द वन 2' का ऐलान किया है। यह अपकमिंग फिल्म पहली फिल्म में पेश की गई लोककथाओं और फैंटेसी की दुनिया को आगे बढ़ाएगी। यह फिल्म दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में वापस ले जाएगी जो पौराणिक कथाओं से बुनी गई है। 'बालाजी मोशन पिक्चर्स' और टीवीएफ के सहयोग से पेश की जा रही 'द वन 2' के साथ, एकता कपूर और टीवीएफ एक बार फिर साथ आए हैं। वे अपनी साझेदारी को जारी रखते हुए पहली फिल्म की कहानी को और आगे बढ़ाएंगे। 'वन' के रहस्यमयी जंगल पर आधारित पहली फिल्म ने दर्शकों को एक अनोखी दुनिया से परिचित कराया था। इसमें एक देवी, प्राचीन लोककथाएं और रहस्यमयी शक्तियां दिखाई गई थीं।

टीवी मसाला



रियलिटी शो रोडीज रीबर्थ में 12 साल बाद रघु का कमबैक

नई दिल्ली। रियलिटी टीवी शो रोडीज के शुरुआती सीजन्स देख चुके दर्शक रघु के बिना कभी इस शो की कल्पना ही नहीं कर पाए। साल 2014 में रघु राम और उनके भाई राजीव लक्ष्मण ने प्रोड्यूसर्स के दखल का हवाला देते हुए यह शो छोड़ दिया था। अब करीब 12 साल के बाद रघु राम एक बार फिर उसी शो में लौट आए हैं, जिसकी वह पहचान हुआ करते थे। एमटीवी 'रोडीज रीबर्थ' में रघु राम बतौर होस्ट फिर कमबैक कर रहे हैं। रघु राम ने सोमवार को एक प्रेस मीट में कहा, 'रोडीज इंडिया का सबसे लंबे वक्त से चला आ रहा रियलिटी शो है। इतने सालों में इसका रंग-रूप लगातार बदला है। शुरुआती 10 सालों तक इस शो में एक खास फॉरमैट फॉलो किया और फिर इसे आगे बढ़ाने और रिलेवेंट बनाए रखने के लिए इसका फॉरमैट बदलना पड़ा। फिर गैंग लीडर्स आए और शो की पॉपुलैरिटी बढ़ती चली गई। अब यह शो रोडीज अपने तीसरे दशक में है और एक बार फिर से सब कुछ बदलने वाला है।' रघु राम ने कहा कि यह उनका भी पुनर्जन्म है। यह मेरा नया जन्म है, और सच कहूं तो, यह रोडीज के लिए सबसे बुरी खबर है। क्योंकि इस नए जन्म का उनका सफर किसी नरक से कम नहीं होने वाला है। बता दें कि रघु राम के बाद रोडीज के इस नए सीजन में 'मौत या दोबारा जन्म' का फैसला करने की कुछ स्पेशल पावर्स होंगी।

स्काउट के लिए लव से भिड़ीं आम्रपाली

नई दिल्ली। बिग बॉस 20 शो जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे शो में खूब हंगामे हो रहे हैं। अब शो के शुरुआत में एक-दूसरे के क्लोज रहे लव गिल और आम्रपाली दुबे के बीच अनबन आ गई है। दोनों के बीच शो में बड़ा हंगामा हो गया। दोनों एक-दूसरे के सामने आकर खूब चिल्लाए और इस बार उनकी लड़ाई की वजह थे स्काउट ओपी। दरअसल, शो का नया प्रोमो सामने आया है। प्रोमो की शुरुआत होती है आम्रपाली से जो बोलती हैं स्काउट का क्या इन्टेनशन क्या था तेरे साथ, सलमान सर ने जब पूछा तो तूने क्या जवाब दिया। इस पर लव, स्काउट से बोलती हैं कि मैं यहां पर ये नहीं समझाऊंगी। लव की बात सुनकर स्काउट चिढ़ जाते हैं और बोलते हैं कि मैंने बोला क्या कुछ? मुझपर क्यों आकर चढ़ रही है। तब लव चिल्लाते हुए बोलती हैं कि जब मेरा भाई था तो था, अब कुछ नहीं लगता मेरा वो।



25 साल बाद पू और लड्डू की जोड़ी फिर मचाएगी धमाल

करीना-ऋतिक का होगा रीयूनियन

मुंबई। बॉलीवुड में करण जौहर ने कई ऐसी ऑनस्क्रीन जोड़ियां दी हैं, जिन्हें आज भी दर्शक पसंद करते हैं। इन्हीं में से एक जोड़ी करीना कपूर और ऋतिक रोशन की भी है, जो फिल्म 'कभी खुशी कभी गम'में नजर आई थी। इस फिल्म में करीना ने 'पू'का किरदार निभाया था. वहीं ऋतिक रोशन रोहन रायचंद उर्फ 'लड्डू'के रोल में नजर आए थे। इस फिल्म में करीना और ऋतिक की जोड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया गया था। अब करीब 25 साल बाद एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं। करण जौहर ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने करीना और ऋतिक के रीयूनियन का हिंट दिया है। इसके बाद से ही फैंस काफी एक्साइटेड हैं। वीडियो में करीना अपने पू वाले अंदाज में नजर आई हैं। वहीं, हैंडसम हंक ऋति की झलक भी देखने को मिली है।

करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें करीना कपूर और ऋतिक रोशन की झलक देखने को मिली है। बताया जा रहा है कि दोनों एक विज्ञापन के लिए साथ नजर आ सकते हैं. वीडियो में करीना लिपस्टिक लगाती दिखाई देती हैं, जो फिल्म 'कभी खुशी कभी गम'में उनके मशहूर किरदार 'पू'की एंट्री की याद दिलाता है। वहीं, दूसरी तरफ ऋतिक रोशन लेदर जैकेट और जूते पहनकर तैयार होते नजर आते हैं। उनका यह अंदाज फिल्म में उनके किरदार रोहन रायचंद यानी लड्डू की याद दिलाता है। हालांकि, इस टीजर में दोनों में से किसी का भी चेहरा पूरी तरह नहीं दिखाया गया है।



छह दशक और छह हीरो... अब पैटिनसन को जेम्स बॉन्ड के रूप में देखेंगे दर्शक

नई दिल्ली। हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट पैटिनसन को दर्शक जेम्स बॉन्ड के रूप में देखेंगे। जेम्स बॉन्ड 007 के रूप में उनके नाम का कल सोमवार को आधिकारिक ऐलान किया गया। इस सीरीज की पहली फिल्म साल 1962 में आई थी। तब से अब तक अलग-अलग अभिनेताओं ने यह रोल किया है। एक किरदार है- जेम्स बॉन्ड। इस जासूस की सिनेमाई यात्रा छह दशक की है। अब तक छह अलग-अलग हीरो इस किरदार को जी चुके हैं। सातवें हीरो रॉबर्ट पैटिनसन हैं। हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट के नाम का एलान डेनियल क्रेग के उत्तराधिकारी के तौर पर हो चुका है। वे अब जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाएंगे। उनसे पहले इस किरदार को किस-किसने निभाया?



शॉन कॉनरी : जेम्स बॉन्ड की भूमिका में सबसे पहले अभिनेता शॉन कॉनरी नजर आए। साल 1962 में रिलीज हुई जेम्स बॉन्ड फिल्म 'डॉक्टर नो' के लिए उन्हें चुना गया। उन्होंने साल 1962 से 1967 तक यह रोल किया। इसके अलावा 1971 और 1983 में भी ये किरदार निभाया।

जॉर्ज लेजेनबी : साल 1969 में अभिनेता जॉर्ज लेजेनबी जेम्स बॉन्ड के रूप में दर्शकों से रूबरू हुए। उन्होंने 'ऑन हर मेजेस्टीज सीक्रेट सर्विस' में बॉन्ड के रूप में भूमिका निभाई। वे सिर्फ एक ही फिल्म का हिस्सा बने।

रोजर मूर : फिर यह जासूस का यह किरदार रोजर मूर के हिस्से आया। उन्होंने साल 1973–1985 तक जेम्स बॉन्ड का किरदार पर्दे पर जीवंत किया।

टिमोथी डाल्टन : टिमोथी डाल्टन ने यह रोल 1987–1989 तक किया। उन्होंने इस फ्रैंचाइजी की कुल दो फिल्में कीं। वे इस भूमिका में काफी गंभीर अंदाज में नजर आए। उन्होंने 1987 में 'द लिविंग डे लाइट्स' और 1989 में 'लाइसेंस टू किल', दो फिल्मों में काम किया।

पियर्स ब्रॉसनन : साल 1995 से लेकर 2002 तक पियर्स ब्रॉसनन इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा रहे और जेम्स बॉन्ड बने। वे चार फिल्मों में बॉन्ड की भूमिका में नजर आए।

डैनियल क्रेग : साल 2006 में डैनियल क्रेग ने इस किरदार को जीया। उन्होंने 'कैसिनो रॉयल' से यह भूमिका संभाली। फिर साल 2021 तक यह सिलसिला चला। डैनियल ने जेम्स बॉन्ड सीरीज की पांच फिल्मों में काम किया। अब उनके उत्तराधिकारी बने हैं रॉबर्ट पैटिनसन।

टेलीविजन पर सबसे पहले किसने निभाई भूमिका?

हालांकि, बात अगर टेलीविजन की करें तो स्क्रीन पर सबसे पहले जेम्स बॉन्ड का किरदार अमेरिकी एक्टर बैरी नेल्सन ने साल 1954 में टीवी शो 'क्लाइमेक्स' के 'कैसिनो रॉयल' एपिसोड में निभाया था। साल 1962 से जेम्स बॉन्ड की एंट्री फिल्मों में हुई। अब तक इस किरदार पर 26 फिल्में बन चुकी हैं। साल 1967 में डेविड निवेन भी जेम्स बॉन्ड बने। उन्होंने कॉमेडी-स्पूफ फिल्म 'कैसीनो रोयाल' में सर जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाई थी। हालांकि, यह फिल्म 'इयोन प्रोडक्शंस' की मुख्य जेम्स बॉन्ड सीरीज का हिस्सा नहीं थी।

आठ गाने भेजने के बाद भी नहीं मिली जगह

ग्रैमी अवॉर्ड्स 2027 की नामांकन सूची से बाहर हुई 'धुरंधर 2'

नई दिल्ली। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' का संगीत ग्रैमी अवॉर्ड्स 2027 की अंतिम नामांकन सूची में जगह नहीं बना सका। निर्माताओं ने कई श्रेणियों में गाने भेजे थे। वहीं, तमिल गीत 'वरुवाइ' को सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में नामांकन मिला है। रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' ने सिनेमाघरों में अपनी कहानी और संगीत के दम पर दर्शकों का ध्यान खींचा था। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस स्पाई थ्रिलर फिल्म के गानों को भी खूब पसंद किया गया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय संगीत पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स 2027 की अंतिम नामांकन सूची में फिल्म के संगीत को जगह नहीं मिली है। फिल्म का संगीत सास्वत सचदेव ने तैयार किया है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, निर्माताओं ने ग्रैमी पुरस्कारों की अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म के आठ गाने विचार के लिए प्रस्तुत किए थे। इसके बावजूद 16 नवंबर को घोषित नामांकन सूची में फिल्म के किसी भी गाने का नाम शामिल नहीं हुआ। फिल्म की संगीत टीम के लिए यह निराशाजनक खबर है। हालांकि, ग्रैमी में किसी गीत को विचार के लिए प्रस्तुत करना और अंतिम नामांकन हासिल करना दो अलग प्रक्रियाएं हैं। बड़ी संख्या में प्रविष्टियां मिलने के बाद मतदान प्रक्रिया के जरिए अंतिम नामांकित कलाकारों और रचनाओं का चयन किया जाता है।

कई श्रेणियों में भेजे गए थे गाने

आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' के संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से निर्माताओं ने ग्रैमी अवॉर्ड्स की विभिन्न श्रेणियों में गाने प्रस्तुत किए थे। इनमें विजुअल मीडिया के लिए लिखे गए सर्वश्रेष्ठ गीत, पॉप डुओ या ग्रुप परफॉर्मेंस, ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस और रैप परफॉर्मेंस जैसी श्रेणियां शामिल थीं। उपलब्ध विवरण के अनुसार, फिल्म के कुल आठ ट्रैक पुरस्कारों के लिए भेजे गए थे। निर्माताओं को उम्मीद थी कि फिल्म का कोई गाना अंतिम नामांकन सूची में जगह बना सकता है। हालांकि, नामांकन की घोषणा के बाद यह स्पष्ट हो गया कि फिल्म का संगीत किसी भी श्रेणी में अंतिम सूची तक नहीं पहुंच सका।

इन गानों को किया गया था प्रस्तुत

फिल्म के गीत 'फिर से' को विजुअल मीडिया के लिए लिखे गए सर्वश्रेष्ठ गीत की श्रेणी में प्रस्तुत किया गया था। वहीं, 'जाइये सजाना' को सर्वश्रेष्ठ पॉप डुओ या ग्रुप परफॉर्मेंस और 'जान से गुजरते हैं' तथा 'कन्हैया' को ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस के लिए भेजे जाने की जानकारी है। इसके अलावा 'आरी आरी' और 'मन अटकेया - डेस्टिनी' को भी अलग-अलग श्रेणियों में विचार के लिए प्रस्तुत किया गया था। हालांकि, उपलब्ध विवरण में सभी आठ गानों के नाम स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में शेष गीतों के बारे में कोई अतिरिक्त दावा नहीं किया जा सकता। फिल्म के संगीत को दर्शकों से मिली लोकप्रियता के बावजूद ग्रैमी की अंतिम नामांकन सूची में जगह नहीं मिल सकी।



तमिल गीत 'वरुवाइ' को मिला नामांकन

टेलर को मिले सबसे ज्यादा 11 नामांकन

2027 ग्रैमी नॉमिनेशन सामने आ गए हैं। ब्रिटिश सिंगर रे 11 नॉमिनेशन के साथ सबसे आगे हैं, जबकि स्पेनिश सिंगर रोसालिय 9 नॉमिनेशन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। टेलर स्विफ्ट, ओलिविया रोड्रिगो, ब्रूनो मार्स और फीबी ब्रिजर्स जैसी कई बड़ी हस्तियों ने भी म्यूजिक अवार्ड्स के इस 69वें संस्करण की लिस्ट में जगह बनाई है। ब्रिटिश गायक रेचल अगाथा कीन, जिन्हें पेशेवर रूप से रे के नाम से जाना जाता है। 2027 ग्रैमी अवार्ड्स में 31 अगस्त 2025 और 28 अगस्त 2026 के बीच रिलीज हुए संगीत शामिल हैं। रिकॉर्डिंग अकादमी के लगभग 16000 वोटिंग सदस्य 10 दिसंबर 2026 और 7 जनवरी 2027 के बीच अपने वोट डालेंगे। ग्रैमी अवार्ड्स 2027 के लिए सोमवार को 'द लाइफ ऑफ ए शोगर्ल' को 'एल्बम ऑफ द ईयर' कैटेगरी में नॉमिनेशन मिलने के साथ ही, सिंगर टेलर स्विफ्ट ने लगातार इस कैटेगरी में नॉमिनेट होने का रिकॉर्ड बनाया है। टेलर स्विफ्ट इतिहास की दूसरी ऐसी आर्टिस्ट बन गई हैं जिन्हें लगातार पांच स्टूडियो एल्बम के लिए यह नॉमिनेशन मिला है। उनसे पहले केड्रिक लैमर को भी यह उपलब्धि मिल चुकी है, हालांकि वे कभी यह अवार्ड नहीं जीत पाए हैं।

जहां 'धुरंधर: द रिवेंज' का संगीत ग्रैमी नामांकन हासिल नहीं कर सका, वहीं तमिल गीत 'वरुवाइ' ने इतिहास रच दिया है। संगीतकार और गायक देवन एकंबरम तथा गायिका सुशा के इस गीत को सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में नामांकित किया गया है। इसे ग्रैमी नामांकन हासिल करने वाला पहला तमिल गीत बताया जा रहा है। यह गीत तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की रचना पर आधारित है। इस उपलब्धि से तमिल संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।



न्यूजीलैंड के खिलाफ चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी टीम इंडिया

कल 19 नवम्बर से भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज वेलिंगटन में कल 19 नवंबर से होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जाएगा। इस अहम मुकाबले से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टीम की रणनीति को लेकर बड़ा खुलासा किया है।

गिल ने साफ कर दिया है कि भारतीय टीम पहले टेस्ट में चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरेगी। हालांकि, उन्होंने अभी अंतिम प्लेइंग-11 का ऐलान नहीं किया है। गिल ने कहा न्यूजीलैंड का अपने घरेलू मैदानों पर रिकॉर्ड अच्छा रहा है और भारतीय टीम के सामने परिस्थितियों के अनुरूप प्रदर्शन करने की चुनौती होगी।



तेज गेंदबाजों का रहा अच्छा प्रदर्शन

पहले टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुभमन गिल ने बताया कि टीम मैनेजमेंट चार तेज गेंदबाजों को खिलाने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि वनडे सीरीज में भारतीय तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी वजह से अंतिम प्लेइंग-11 तय करने में विचार-विमर्श किया जा रहा है लेकिन कौन-कौन से गेंदबाज अंतिम एकादश में जगह बनाएंगे, इसका फैसला अभी बाकी है।

बुमराह की वापसी से मजबूत होगा पेस अटैक

भारतीय तेज गेंदबाजी की अगुवाई जसप्रीत बुमराह करते नजर आ सकते हैं। उनके अनुभव और गेंदबाजी क्षमता को देखते हुए पहले टेस्ट में उनका खेलना लगभग तय माना जा रहा है। उनके अलावा आकाश दीप, अंशुल कंबोज, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों के बीच बाकी स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा है। गिल ने किसी भी गेंदबाज की जगह पक्की नहीं बताई है।

पिच के मिजाज को देखकर होगा गेंदबाजों का चयन

हालांकि, गिल ने यह भी बताया कि टीम को सिर्फ शुरुआती ओवरों की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर फैसला नहीं करना है। मैच के तीसरे दिन के बाद पिच सपाट हो सकती है, इसलिए ऐसे गेंदबाज की जरूरत होगी जो पुरानी गेंद से भी उछाल हासिल कर सके और बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखे। इसी वजह से टीम मैनेजमेंट ऐसे गेंदबाजों के चयन पर विचार कर रहा है, जो अलग-अलग परिस्थितियों में प्रभावी साबित हो सकें।

वनडे सीरीज में भारत का रहा शानदार प्रदर्शन

टेस्ट सीरीज से पहले भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मुकाबले खेले गए थे। इस सीरीज में भारतीय टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। भारतीय तेज गेंदबाजों ने भी इस दौरान अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। हालांकि, शुभमन गिल ने माना कि टेस्ट क्रिकेट की चुनौती वनडे से अलग होगी।

खबर संक्षेप

पंकज आडवाणी व अनुपमा रामचंद्रन ने ग्रुप मुकाबलों में जीत दर्ज की

इंदौर। भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी और उनके हमवतन मनन चंद्रा और श्रीकृष्ण सूर्यनारायणन ने यहां खेली जा रही आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप 2026 के ग्रुप चरण के शुरुआती मुकाबलों में मंगलवार को जीत दर्ज की। महिला वर्ग में गत चैंपियन अनुपमा रामचंद्रन और अमी कमानी ने भी अपने-अपने ग्रुप मुकाबले जीतकर आईबीएसएफ के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप में आगे कदम बढ़ाए। ग्रुप चरण के मुकाबले राउंड रॉबिन पद्धति के आधार पर खेले जा रहे हैं। 29 बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने ग्रुप चरण के अपने पहले मुकाबले में फिलीपीन के माइकल मेंगोरियो को 4-1 से हराया। आडवाणी ने शुरुआती दो फ्रेम केवल 30 मिनट में जीत लिए। इसके बाद भी उन्होंने अपनी लय बरकरार रखी और मुकाबला अपने नाम किया। भारत के मनन चंद्रा ने अपने पहले ग्रुप मुकाबले में हांगकांग चीन के लांग्यी रयान ली को 4-2 से पराजित किया, वहीं श्रीकृष्ण सूर्यनारायणन ने कुवैत के अब्दुल्ला अल युसुफ को 4-0 से मात दी।

भारत ने पाकिस्तान को हराकर 10वीं बार जीता सैफ फुटबॉल खिताब

ढाका। भारत ने मंगलवार को रोमांचक फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड 10वीं बार दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही दूसरे दर्जे की टीम उतारने के बावजूद भारत ने लगातार तीसरी बार यह खिताब जीतकर हैट्रिक पूरी की। पाकिस्तान ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में आलमगीर गाजी (45+एक मिनट) के गोल की मदद से बढ़त बना ली थी। भारत ने हालांकि दूसरे हाफ में दो गोल दागकर मुकाबले का पासा पलट दिया। पाकिस्तान को 59वें मिनट में एक खिलाड़ी के बाहर होने के कारण 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जिसका फायदा भारतीय टीम ने उठाया। भारत की ओर से सुहैल अहमद भट ने 60वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि संदीप नंदी ने 88वें मिनट में गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। पाकिस्तान ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गाजी के शानदार गोल की बदौलत खाता खोला।

पंजाब किंग्स ने छह खिलाड़ियों को रिलीज किया, स्टोइनिस रिटेन

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल ओवेन उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें पंजाब किंग्स ने मंगलवार को आईपीएल खिलाड़ियों को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) करने की समय सीमा से पहले रिलीज कर दिया। रिलीज किए गए भारतीय खिलाड़ियों में सबसे प्रमुख नाम निहाल वढेरा का है। इनके अलावा फ्रेंचाइजी ने पायला अविनाश, विशाल निषाद और प्रवीण दुबे को भी टीम से बाहर कर दिया है। फ्रेंचाइजी ने काफी विचार-विमर्श के बाद ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट को भी रिटेन किया है। टीम के अन्य ऑलराउंडरों में दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन और अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई शामिल हैं।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

संजू की तूफानी बल्लेबाजी ने मचाया तहलका केरल ने महाराष्ट्र को 94 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ केरल

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में केरल की टीम ने महाराष्ट्र के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 94 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में केरल के कप्तान संजू सैमसन ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने महज 16 गेंदों का सामना करते हुए 47 रन ठोक दिए। संजू की इस पारी में चौकों से ज्यादा छक्कों की गूंज सुनाई दी। उनका स्ट्राइक रेट 293.75 रहा।

हालांकि, संजू सैमसन अपने अर्धशतक से केवल तीन रन दूर रह गए और विक्की ओस्तवाल की गेंद पर राहुल त्रिपाठी को कैच थमा बैठे। दूसरी तरफ रोहन कुन्नुम्मल ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 75 रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने निर्धारित 20 ओवर में 211 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। केरल के एमडी निधीश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



रोहन के बल्ले से निकले 75 रन

केरल की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मोहम्मद अजहरुद्दीन केवल एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रोहन कुन्नुम्मल ने अहमद इमरान के साथ पारी को संभाला। दोनों ने मिलकर टीम को शुरुआती झटके से उबारा। अहमद इमरान 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद संजू सैमसन बल्लेबाजी करने आए। संजू और रोहन के बीच तीसरे विकेट के लिए 66 रनों की तेज साझेदारी हुई। रोहन ने 47 गेंदों पर 75 रन बनाए। उनकी इस पारी में 9 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। इसके अलावा सलमान निजार ने भी 13 गेंदों में नाबाद 29 रन बनाकर टीम के स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया। उनकी पारी में 2 चौके और 2 छक्के शामिल थे। इस तरह केरल ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 211 रन बनाए।

महाराष्ट्र की शुरुआत रही बेहद खराब

212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। कप्तान पृथ्वी शॉ ने पहली गेंद पर छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर किए, लेकिन वह अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके और 6 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद महाराष्ट्र के विकेट लगातार गिरते रहे। अर्शिन कुलकर्णी 5 रन और राहुल त्रिपाठी केवल 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। रामकृष्ण घोष ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। वहीं प्रशांत सोलंकी ने निचले क्रम में 14 गेंदों पर नाबाद 23 रन की पारी खेली, लेकिन उनका प्रयास टीम को हार से नहीं बचा सका।

एमडी निधीश ने गेंदबाजी से बरपाया कहर


केरल की जीत में तेज गेंदबाज एमडी निधीश की भूमिका बेहद अहम रही। उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। निधीश के अलावा बीजू नारायणन ने 3 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। महाराष्ट्र की पूरी टीम 16 ओवर में 117 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

संजू सैमसन की पारी ने खींचा सबका ध्यान

इस मुकाबले में केरल की जीत के साथ संजू सैमसन की बल्लेबाजी भी चर्चा का विषय रही। उन्होंने जिस अंदाज में केवल 16 गेंदों में 47 रन बनाए, उससे उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं रोहन कुन्नुम्मल की जिम्मेदार पारी और एमडी निधीश की पांच विकेट की उपलब्धि ने केरल की जीत को आसान बना दिया।

एटीपी फाइनल्स

अल्काराज़ की शानदार शुरुआत अमेरिका के टियाफ़ो को दी मात



एजेंसी ▸▸ तूरिन

कार्लोस अल्काराज़ ने अपने कौशल का बेहतरीन नमूना पेश करते हुए फ्रांसिस टियाफ़ो को आसानी से सीधे सेटों में हराकर एटीपी फ़ाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

स्पेन के विश्व में तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज़ ने अपने पहले मैच में अमेरिका के टियाफ़ो को 6-2, 6-2 से हराया। अल्काराज़ ने टियाफो के 12 विनर्स के मुकाबले 21 विनर्स लगाए और टियाफो की दूसरी सर्विस पर सभी 12 अंक अपने नाम किए।

अल्काराज़ पिछले कुछ सप्ताह से शानदार फॉर्म में हैं। वियना और पेरिस में ट्रॉफी जीतने के बाद उन्होंने अपनी जीत का सिलसिला 10 मैचों तक बढ़ा दिया है। दिन के दूसरे मैच में 2020 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने इटली के फ्लेवियो कोबोली को 7-6(4) 6-3 से हराया।

हांगकांग सुपर 500

सात्विक-चिराग की रोमांचक जीत, ध्रुव-राधिका मुख्य ड्रॉ में



एजेंसी ▸▸ कोवलून

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां चीनी ताइपे के जे-हुई ली और पो-हुआन यांग के खिलाफ रोमांचक जीत से अपने अभियान का आगाज किया।

सात्विक-चिराग ने निर्णायक गेम में चार गेम प्वाइंट बचाते हुए 68 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 15-21, 21-17, 28-26 से जीत दर्ज की। इससे पहले ध्रुव कपिला और राधिका शर्मा की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने हांगकांग की यिंग किट चेंग और युएट यी लियुंग को केवल 36 मिनट में 21-17 21-17 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस भारतीय जोड़ी के सामने अब चौथी वरीयता प्राप्त चीन के गुओ शिन वा और चेन फांग हुई की चुनौती होगी।

ऐसा रहा मुकाबला, मिली कड़ी चुनौती

इस सत्र में दो खिताब जीत चुकी भारतीय जोड़ी को हालांकि कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पहले गेम में भारतीय जोड़ी ने 9-6 की बढ़त बना ली थी, लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए 15-15 के स्कोर के बाद लगातार अंक जुटाए और 21-15 से गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी ली और यांग ने 6-3 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार तीन अंक लेकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों जोड़ियों का स्कोर 11-11 हो गया। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद 16-11 की बढ़त बनाई, लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने वापसी करते हुए अंतर 18-16 कर दिया। भारतीय जोड़ी ने दबाव में धैर्य बनाए रखा और 21-17 से गेम जीतकर मुकाबले में बराबरी कर ली।

अंडर-23 महिला टी-20 ट्रॉफी

हरियाणा ने पुदुचेरी को 73 रन से हराया

रोहतक। हरियाणा की अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला अंडर-23 टी-20 ट्रॉफी में पुदुचेरी को 73 रन से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला केरल क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, मंगलपुरम (तिरुवनंतपुरम) में खेला गया। हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। हरियाणा की शुरूआत अच्छी नहीं रही मैच चौथी गेंद पर पहला विकेट गंवा दिया। एक समय 54 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद टीम संकट में आ गई थी। दूसरी ओर वंशिका एक छोर पर खडे रही और सम्मान जनक स्कोर खड़ा किया। शानदार प्रदर्शन बल्लेबाजी करते हुए वंशिका रावत ने नाबाद 64 रन बनाए। पुदुचेरी की ओर से ज्ञानभारती जांगड़ा ने दो और अमृता ने पांच विकेट लिए। जवाब में पुदुचेरी की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 62 रन ही बना सकी। इस तरह हरियाणा ने 73 रन से मुकाबला अपने नाम किया। हरियाणा की खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में बेहतरीन खेल दिखाया। हरियाणा की ओर से रितु और त्रिवेणी ने दो- दो विकेट लिए।

मनु आईएसएसएफ की खिलाड़ी समिति के लिए चुनी गईं , 2030 तक होगा कार्यकाल



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दोहरी ओलंपिक पदक विजेता और पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ की खिलाड़ी समिति में 2026 से 2030 के कार्यकाल के लिए चुना गया है।

मनु उन 10 उम्मीदवारों में शामिल थीं जिन्होंने निशानेबाजी की इस स्पर्धा का प्रतिनिधित्व करने वाले दो पदों के लिए चुनाव लड़ा था। इस महीने की शुरुआत में नामांकन के दौरान मनु ने खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर खेल के विकास का दृष्टिकोण पेश किया था। उन्होंने दुनिया भर के निशानेबाजों के लिए अधिक सहयोगपूर्ण, टिकाऊ और प्रगतिशील माहौल तैयार करने पर जोर दिया था। उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में ओलंपिक कार्यक्रम में पुरुषों की 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा को बरकरार रखने और उसका दीर्घकालिक भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रयास करना शामिल था।

इसके अलावा उन्होंने आईएसएसएफ विश्व कप में खिलाड़ियों के लिए बेहतर पुरस्कार राशि की भी मांग की थी। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा 2010 से 2020 तक आईएसएसएफ की खिलाड़ी समिति के सदस्य रहे थे। उन्होंने 2014 से 2018 तक समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया और इस पद पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे।

बल्लेबाज टिम सीफर्ट को आक्रामक अंदाज में विदाई देने का मामला

सीफर्ट से अभद्रता पर गुरनूर को आईसीसी की फटकार, डिमेरिट अंक जुड़ा

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को पिछले सप्ताह खेले गए चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट को आक्रामक अंदाज में विदाई देने के लिए मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया।

आईसीसी ने कहा कि माउंट मोनगानुई में खेले गए मैच के दौरान गुरनूर ने सीफर्ट के आउट होने का जश्न आक्रामक अंदाज में मनाया जिसे विपक्षी बल्लेबाज का अपमान करने वाला माना जा सकता था।



आईसीसी ने पाया नियमों का उल्लंघन

आईसीसी ने बयान में कहा, ''बरार को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता के नियम 2.5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा, हरकतों या इशारों के इस्तेमाल से संबंधित है जो उसका अपमान करते हों या उस बल्लेबाज को आक्रामक प्रतिक्रिया देने के लिए उकसा सकते हों।''

दो साल में दूसरा अपराध डिमेरिट अंक दो हुए

बयान के अनुसार, ''इसके अलावा बरार के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। 24 महीने की अवधि में यह उनका दूसरा अपराध था जिससे उनके कुल डिमेरिट अंक दो हो गए हैं।'' आईसीसी ने कहा कि बरार की हरकत से विपक्षी बल्लेबाज की ओर से भी आक्रामक प्रतिक्रिया हो सकती थी। गुरनूर ने इशान किशन के हाथों सीफर्ट को विकेट के पीछे कैच आउट कराने के बाद उन्हें विदाई देते हुए बल्लेबाज के सामने जाकर आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया और उनसे कुछ कहा भी था।

बरार ने स्वीकार किया अपना अपराध

आईसीसी ने कहा, ''बरार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और एमिरेट्स आईसीसी अंतरराष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल के रंजन मदुगले द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।'' आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक हैं।

पंजाब में बोले कृषि मंत्री चौहान: दिल्ली में बैठकर नहीं, खेतों में जाकर बनेगी किसानों की योजना

'खेत बचाओ अभियान' के तहत पंजाब के समराला में शिवराज ने किया किसानों से संवाद, कई घोषणाएं की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को 'स्वस्थ धरा, समृद्ध किसान' संकल्प के साथ चलाए जा रहे 'खेत बचाओ अभियान' (22 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026) के तहत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), समराला (लुधियाना) में आयोजित

- इंटीग्रेटेड फार्मिंग से बदलेगी किसानों की तस्वीर, पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के 3-फसलीय मॉडल से एक एकड़ में होगी 1.5 लाख रु. तक की बचत



कार्यक्रम में किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पंजाब की धरती और पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के नवाचारों को नमन करते हुए इंटीग्रेटेड फार्मिंग (एकीकृत खेती), फसल विविधीकरण, मिट्टी के स्वास्थ्य, पराली प्रबंधन और किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए केंद्र सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं और आगामी कदमों की घोषणा की। उन्होंने पंजाब के किसानों की मेहनत को सलाम करते हुए कहा कि एक समय था जब भारत विदेश से लाल गेहूं मंगाने को मजबूर था, लेकिन पंजाब से शुरू हुई हरित क्रांति के बाद आज भारत के अन्न के भंडार भरे हुए हैं। आज हम चावल उत्पादन में चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में नंबर एक और गेहूं उत्पादन में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की मनीला यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ने भी वहां खालसा दीवान गुरुद्वारे में मत्था टेककर संगत के साथ गुरुद्वारे के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी है। कम होती कृषि जोत की समस्या पर चिंता जताते हुए चौहान ने कहा कि हमारे पास विदेशों की तरह हजारों हेक्टेयर के फार्म हाउस नहीं हैं, इसलिए हमें कम जमीन में अधिक मुनाफे के मॉडल अपनाने होंगे। उन्होंने पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार किए गए एक एकड़ में तीन फसलों के मॉडल की सराहना की, जिससे किसान सालाना 1.5 लाख रु. तक की शुद्ध आमदनी कमा रहे हैं। उन्होंने केवीके समराला को निर्देश दिया कि इस मॉडल को पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय बनाया जाए।चौहान ने कहा कि केवल गेहूं और धान के फसल चक्र से जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। किसानों को फसल विविधीकरण अपनाते हुए अनाज के साथ-साथ फल, फूल, सब्जी, औषधीय खेती, पशुपालन, बकरी पालन और मछली पालन जैसी गतिविधियों को जोड़कर इंटीग्रेटेड फार्मिंग करनी चाहिए। मिट्टी के बिगड़ते स्वास्थ्य और अंधाधुंध खाद के उपयोग पर उन्होंने कहा कि बिना मिट्टी की जांच कराए जरूरत से ज्यादा खाद और कीटनाशक डालने से मित्र कीट और केंचुए खत्म हो रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी पूरी जमीन पर नहीं, बल्कि आधे हिस्से में प्राकृतिक खेती करके देखें, जिससे जमीन का स्वास्थ्य सुधरेगा और उत्पादन भी कम नहीं होगा। पराली के मुद्दे पर स्पष्ट रूप से किसानों का पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि प्रदूषण के नाम पर हर बार किसानों को झूठा बदनाम करना बंद होना चाहिए। किसान खुद जागरूक हो रहे हैं और पराली जलाने के बजाय उसका प्रबंधन कर रहे हैं, क्योंकि पराली खेत का भोजन है और इसे मिट्टी में मिलाने से ऑर्गेनिक कार्बन बढ़ता है। उन्होंने पराली प्रबंधन के लिए सीडर जैसी मशीनों को और सस्ता करने तथा मैकेनाइजेशन योजनाओं को किसानों के अनुकूल बनाने का आश्वासन दिया। खाद की उपलब्धता और कालाबाजारी पर सख्त रुख अपनाते हुए श्री चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार किसानों को लगभग 5000 रु. की डीएपी बोरी 1350 रुपए में और 3000 रु. की यूरिया बोरी मात्र 266 रुपए में उपलब्ध करा रही है। इस सब्सिडी वाली खाद को इंडस्ट्री या अन्य गलत कामों में डायवर्ट होने से रोकने के लिए तेजी से 'फार्मर आईडी' बनाई जा रही हैं। पंजाब में अब तक 6 लाख फार्मर आईडी बन चुकी हैं, जिससे किसानों को उनकी जमीन और फसल (जैसे आलू) की वास्तविक जरूरत के अनुसार समय पर खाद मिल सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि बाजार में बिक रहे नकली पेस्टिसाइड्स और खराब बीजों से किसानों को बचाने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही एक नया और कड़ा 'पेस्टिसाइड एक्ट' तथा बीज कानून बनाने जा रही है।

खबर संक्षेप

मुंबई हवाई अड्डे पर 2.26 करोड़ का सोना जब्त

मुंबई। मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर



खिलौना स्कूटर के पहियों, स्पीकर और इस्त्री में छिपाकर रखा गया 24 कैरेट का 1,910 ग्राम सोना जब्त किया,जिसकी कीमत 2.26 करोड़ है। हवाई खुफिया इकाई ने दम्माम,मस्कट से आए 4 यात्रियों से सोना जब्त किया।

राजस्थान में पुष्कर मेले का औपचारिक आगाज

अजमेर। राजस्थान के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय धार्मिक एवं पशु मेले पुष्कर मेले का मंगलवार को



ध्वजारोहण के साथ औपचारिक आरंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ राजस्थान की लोक संस्कृति को दर्शाते सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान राजस्थानी लोकनृत्य और घुड़दौड़ मुख्य आकर्षण रहे।

लप्पुझा में बर्ड फ्लू, 26 हजार पक्षियों को मारेंगे

अलप्पुझा। केरलम के अलप्पुझा जिले में 2पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है और संक्रमण को फैलने से



रोकने के लिए प्रशासन बुधवार से करीब 26 हजार पक्षियों को मारने की प्रक्रिया शुरू करेगा। अंबालाप्पुझा उत्तर, अंबालाप्पुझा दक्षिण और चेन्निथला पंचायत क्षेत्रों में पाले जा रहे करीब 26 हजार पक्षियों को मारा जाएगा।

ओएनजीसी के गैस कुएं में रिसाव, 800 को हटाया

गेद्दाडा। आंध्र प्रदेश के डॉ. बी.आर. आंबेडकर कोनसीमा जिले में मंगलवार सुबह तेल एवं



प्राकृतिक गैस निगम के एक गैस कुएं में बड़े पैमाने पर रिसाव होने के बाद एक किलोमीटर के दायरे में रहने वाले करीब 800 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इस साल कुएं से रिसाव की यह कम से कम चौथी घटना है।

उच्च मलेरिया प्रभावित जिलों की संख्या 155 से घटकर 33 हुई, 2022 से 2025 के बीच 160 जिलों में मलेरिया का एक भी मामला दर्ज नहीं

भारत में मलेरिया के मामलों व मौतों में 10 साल में करीब 80 फीसदी की कमी: राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मलेरिया नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। देश में पिछले 10 वर्षों के दौरान मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में करीब 80 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं, मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या 155 से घटकर 33 रह गई है। राष्ट्रपति ने यह बात मंगलवार को नई दिल्ली में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान (एनआईएमआर) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कही।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, आधुनिक दवाओं, मच्छर नियंत्रण अभियानों और समुदाय की भागीदारी ने देश में मलेरिया के प्रसार को नियंत्रित करने में प्रभावी भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच देश के 160 जिलों में मलेरिया का एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया। यह उपलब्धि मलेरिया नियंत्रण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लगातार अनुसंधान, व्यापक जन-जागरूकता और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारी के खिलाफ लड़ाई



केवल सरकारी प्रयासों से सफल नहीं हो सकती, बल्कि इसमें आम लोगों और स्थानीय समुदायों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मलेरिया के खिलाफ भारत की लड़ाई में आईसीएमआर के राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान के योगदान की सराहना की। संस्थान ने बीमारी की रोकथाम, अनुसंधान और नियंत्रण के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाई है।

2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा: नड्डा

समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने वर्ष 2030 तक मलेरिया उन्मूलन के वैश्विक लक्ष्य को हासिल करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर वैज्ञानिक अनुसंधान और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लोगों की प्रभावी भागीदारी बेहद जरूरी है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने और देशभर में विभिन्न बीमारियों के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मलेरिया के खिलाफ जारी प्रयासों को आगे बढ़ाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं और अनुसंधान को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। आईसीएमआर के राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर देश में मलेरिया नियंत्रण के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा की। राष्ट्रपति ने मलेरिया मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने अनुसंधान, स्वास्थ्य जागरूकता और जनभागीदारी को निरंतर मजबूत बनाने का आह्वान किया।

आईसीएमआर ने बीमारियों के विरुद्ध लड़ाई को नई दिशा दी

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, डेंगू भी देश में एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। ग्लोबल वार्मिंग और मानसून के पैटर्न में परिवर्तन के कारण इस चुनौती के और भी प्रबल होने की संभावना है। आईसीएमआर के शोध और अनुसंधानों ने तपेदिक (टीबी), कुष्ठ रोग और कालाजार जैसी बीमारियों के विरुद्ध हमारी लड़ाई को दिशा दी है। आईसीएमआर ने हमारे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को स्वरूप प्रदान करने में भी अहम भूमिका निभाई है। कोविड-19 महामारी के दौरान, इसने रिकॉर्ड समय में देशव्यापी परीक्षण नेटवर्क स्थापित किया और भारत के पहले स्वदेशी कोविड-19 टीके के विकास में साझेदारी की।



रोकने के सारे प्रयास करने होंगे

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, अनियोजित शहरीकरण और मच्छरों में कीटनाशकों के प्रति बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता जैसी नई चुनौतियां मलेरिया के उन्मूलन में हमारे सामने नई बाधाएं उपस्थित कर सकती हैं। ऐसी परिस्थिति में केवल स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयास मलेरिया को फैलने से नहीं रोक सकते हैं। इसके लिए जलभराव को रोकने, मच्छरों के पनपने के स्रोतों को खत्म करने और पर्यावरण प्रबंधन पर भी काम करना जरूरी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नीति-निर्माता और वैज्ञानिक समुदाय इस दिशा में सृजनात्मक प्रयास कर रहे होंगे।

हम विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे: *राष्ट्रपति ने कहा कि स्वर्ण जयंती का अवसर अपनी अतीत की उपलब्धियों को स्मरण करने और उन पर गर्व करने का अवसर तो होता ही है, साथ ही भविष्य के लिए निर्णायक लक्ष्य निर्धारित करने का भी अवसर होता है। हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में अनुसंधान संस्थानों, तकनीकी और उच्च शिक्षा केन्द्रों और उद्योग जगत के बीच सुदृढ़ सहयोग अत्यधिक महत्व रखता है।*

अंडमान में एसआईआर सही राहुल को दूसरे राज्यों में गलत! यह दोहरा रवैया क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने 14 नवंबर को सामने आए अंडमान-निकोबार कांग्रेस कैंपेन कमेटी के पत्र के आधार पर कांग्रेस और राहुल गांधी पर एसआईआर को लेकर दोहरे रवैये का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि पत्र में 2027 के नगरपालिका और पंचायत चुनाव नवीनतम एसआईआर मतदाता सूची से कराने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दक्षिण भारत में एसआईआर को संवैधानिक और उचित बताती है, जबकि अन्य राज्यों में इसका विरोध करती है। भाटिया ने राहुल और मल्लिकार्जुन खड़गे से इस विरोधाभास पर जवाब मांगते हुए कहा कि कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है। भाटिया ने कहा कि एसआईआर एक संवैधानिक प्रक्रिया है। संविधान निर्वाचन आयोग को यह शक्ति प्रदान करता है। दुख की बात है कि कांग्रेस, टीएमसी और अन्य विपक्षी दल बार-बार चुनावी शुचिता का प्रतीक इस संवैधानिक प्रक्रिया का विरोध करते हैं और हंगामा करते हैं। कांग्रेस और विशेष रूप से राहुल इस संवैधानिक प्रक्रिया का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। लेकिन 14 नवंबर 2026 को एक पत्र सामने आया है, जिसे अंडमान-निकोबार कांग्रेस कैंपेन कमेटी ने लिखा है। यह पत्र अंडमान-निकोबार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को संबोधित है। इस पत्र पर कांग्रेस की अंडमान-निकोबार टेरिटोरियल कांग्रेस कमेटी की कैंपेन कमेटी के जी. भास्कर के हस्ताक्षर हैं। जी. भास्कर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे इस पत्र में मांग की है कि आगामी नगर निकाय और पंचायत चुनाव से पहले हुए एसआईआर के आधार पर कराए जाएं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि आज यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का यह दोहरा रवैया आखिर क्यों है? एसआईआर को लेकर उनका यह विरोधाभासी रुख क्यों है? हम सभी जानते हैं कि एसआईआर की प्रक्रिया के बाद कहीं भाजपा की सरकार बनी, तो कहीं कांग्रेस की भी सरकार बनी। केरल में भी कांग्रेस की सरकार बनी। ऐसे में सवाल उठता है कि केरल में एसआईआर अच्छा है, लेकिन बाकी राज्यों में बुरा क्यों है? यदि एसआईआर वास्तव में कोई असंवैधानिक प्रक्रिया नहीं है और सर्वोच्च न्यायालय भी इस पर अपनी मुहर लगा चुका है, तो राहुल गांधी से यह सवाल पूछना जरूरी है कि अंडमान-निकोबार की कांग्रेस कैंपेन कमेटी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह को पत्र लिखकर नगरपालिका और पंचायत चुनाव नवीनतम एसआईआर मतदाता सूची के आधार पर कराने की मांग क्यों की है?

अखिलेश-राहुल की बैठक टली

सीट बंटवारे पर नहीं बनी राय, 3-4 दिन बाद फैसला

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर होने वाली अहम बैठक अचानक टल गई है। सपा अध्यक्ष




अखिलेश यादव और राहुल गांधी के बीच मंगलवार को दिल्ली में मुलाकात होनी थी। इसमें गठबंधन के तहत सीटों के तालमेल पर चर्चा की जानी थी।

कांग्रेस ने चुनावी तैयारियों को भी दी रफ्तार

कांग्रेस ने यूपी में चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश की सियासी रणनीति को लेकर बैठक हुई। बैठक में अब तक की चुनावी तैयारियों, चुनाव संचालन और प्रदेश कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की।तय किया गया कि नवंबर के अंत तक सभी कमेटियों की घोषणा कर दी जाए।

खूब डरा रहा अकवन तूफान, आंध्र में रेड अलर्ट



आईएनडी भी अभी से परेशान

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान अकवन देखते ही देखते रौद्र रूप अपनाता नजर आ रहा है। बुधवार को इस तूफान के और अधिक भयानक रूप लेने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार गंभीर चक्रवात में बदलने की आशंका प्रबल है। ऐसे में तटीय इलाकों में लोगों की मुश्किलें बढ़ना तय है। आंध्र प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया है। तमिलनाडु, ओडिशा और पुडुचेरी इसके असर से बच नहीं पाएंगे।

मंगलूरू एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

टेकऑफ के वक्त विंग से निकली चिंगारी, 229 यात्रियों की सांसें रुकी

एजेंसी ▶▶ मंगलूरू

कर्नाटक के मंगलूरू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार की शाम एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल मंगलूरू से बंगलूरू जा रही एक फ्लाइट को टेकऑफ के दौरान रोकना पड़ा। इसके बाद विमान में सवार सभी 229 यात्रियों और चालक दल के सात सदस्यों को सुरक्षित वापस पार्किंग बे में लाया गया।



विमान को वापस पार्किंग बे में लाया गया

हवाई अड्डा प्राधिकरण के मुताबिक, यह घटना 16 नवंबर को शाम करीब 6:05 बजे हुई। टेकऑफ रोकने के समय विमान जमीन पर ही था और हवा में नहीं उठा था। इसके बाद विमान को वापस पार्किंग बे में लाया गया, जहां एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने उसकी तकनीकी जांच की। जांच के बाद विमान को 'एयरक्राफ्ट ऑन ग्राउंड' (एओजी) घोषित कर दिया गया।

सीएम धामी ने घायलों का हालजाल जाना

उत्तराखंड में मंगलवार रहा हादसों का दिन

सड़क दुर्घटनाओं में 17 लोगों की मौत, 35 से अधिक अन्य घायल

एजेंसी ▶▶ नई टिहरी/रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड में अलग-अलग सड़क हादसों में 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। सीएमम पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी और रुद्रप्रयाग जिलों में हुए इन हादसों पर दुख जताया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने प्रशासन को घायलों का तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऋषिकेश स्थित एम्स में भर्ती घायलों से महालचाल भी जाना। अधिकारियों के मुताबिक टिहरी जिले में ही सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक 4 सड़क हादसे



हुए जिनमें 13 व्यक्तियों की मृत्यु हुई । पुलिस ने बताया कि टिहरी जिले के मुनि की रेती क्षेत्र में मंगलवार सुबह 5.15 बजे गूलर बाजार के समीप एक बस पुल से करीब 100 मीटर नीचे गदेरा (बरसाती नदी) में गिर गई, जिससे उसमें सवार 9 यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य लोग घायल हो गए।

ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर 7 की मौत

पुलिस ने बताया कि ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल , स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया । हादसे में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 2 अन्य व्यक्तियों ने ऋषिकेश के एम्स में दम तोड़ दिया। मृतकों में रुद्रप्रयाग का रहने वाला बस चालक राजेंद्र सिंह और टिहरी जिले के शिवपुरी का रहने वाला परिचालक अनुज भंडारी भी शामिल है।

मां के संस्मरण के लॉन्च के मौके पर सफाई देने की कोशिश की

राहुल गांधी ने 'पापा की गोद में मम्मा' पर तस्वीर से दिया जवाब

खुद को असली हिंदू बताया और भाजपा के साथ संघ को 'नफरती'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने अपनी मां के संस्मरण के लॉन्च के मौके पर सोमवार को की गई एक टिप्पणी पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिता राजीव गांधी खाना खाते वक्त उनकी मां को अपनी 'गोद में बिठाते' थे। अब राहुल गांधी ने शिव-पार्वती की एक तस्वीर साझा करके न सिर्फ अपनी ओर से इसपर सफाई देने की कोशिश की है, बल्कि खुद को असली हिंदू बताते हुए भाजपा और आरएसएस पर भी 'नफरती' कहकर हमला बोला है।



भाजपा-आरएसएस पर बोला हमला

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' की लॉन्चिंग के दौरान अपनी टिप्पणी पर एक्स के माध्यम से सफाई दी है।

भाजपा और आरएसएस में डर गुस्सा का जाल, प्रेम से रोक रहे

राहुल गांधी ने कहा है, 'भाजपा और आरएसएस समर्थकों के दिलों में डर, गुस्से और नफरत का एक ऐसा जाल है, जो उन्हें प्रेम का अहसास होने देने और उसे जाहिर करने से रोकता है। उन्होंने पोस्ट का अंत सत्यम शिवम सुंदरम लिखकर किया। उन्होंने कर्नाटक के हलेबिडु स्थित होयसलेश्वर मंदिर की एक मूर्ति की तस्वीर भी साझा की है। जिसमें भगवान शिव और देवी पार्वती नंद पर सवार दिखाया गया है।

तस्वीर के मायने

यह 12वीं सदी की

- *पड़ताल करने से मालूम होता है कि जो तस्वीर राहुल गांधी ने पोस्ट किया है, वह 12वीं सदी की है।*
- *यह भगवान शिव और देवी पार्वती की नंदी पर बैठे हुए की तस्वीर है, जो पत्थर पर नक्काशी करके बनाई गई है।*
- *ये प्रतिमा कर्नाटक के हलेबिडु स्थित होयसलेश्वर मंदिर की बताई जाती है।*
- *यह प्रतिमा भगवान शिव और माता पार्वती के उमा-महेश्वर छवि को पेश करती है, जिसमें शिव की कई भुजाएं और मुकुट हैं।*

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in